राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 28
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
रविवार 28 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 34 हजार करोड़ बकाया, बुनियादी सुविधाओं पर दिखेगा असर
पेज 4 किर्गिस्तान में फंसे पीलीभीत के 12 लोगों में से 9 सुरक्षित पहुंचे
पेज 6 हरमनप्रीत सबसे अधिक जीत दर्ज करने वाली कप्तान बनी

## संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसगढ़ में सरेंडर किए माओवादी की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शुक्रवार रात आत्मसमर्पित माओवादी 20 वर्षीय पूनेम बुधरा की दो नकाबपोशों ने कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपित मुंह पर कपड़ा बांधकर पूनेम के घर में घुसे और वारदात को अंजाम दिया। पूनेम ने 2022 में सुकमा जिले में आत्मसमर्पण किया था और उसके बाद वह अपने गांव एर्रापल्ली में रह रहा था। बताया जा रहा है कि माओवादियों ने पुलिस का सहयोग करने के कारण इस हत्या को अंजाम दिया। हालांकि, पुलिस ने अभी तक आधिकारिक रूप से माओवादी संलिप्तता की पुष्टि नहीं की है।

### महाराष्ट्र में शिवसेना पार्षद के पति की दिनदहाड़े हत्या

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में नवनिर्वाचित शिवसेना पार्षद के पति की हत्या कर दी गई। इस मामले में एक महिला समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मंगेश सदाशिव कालोखे उर्फ अप्पा का शुक्रवार को खोपोली कस्बे में कुछ लोगों ने पीछा कर बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, 45 वर्षीय कालोखे अपनी बेटियों को स्कूल छोड़कर घर लौट रहे थे, तभी विहारी इलाके में उन पर हमला हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि मृतक नवनिर्वाचित पार्षद मानसी कालोखे के पति थे, जो एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना से हैं। यह हत्या कालोखे और उनके प्रतिद्वंद्वी के बीच राजनीतिक रंजिश का नतीजा थी।



### हैप्पी मॉर्निंग


चंपक- पापा मैं एक लड़की को पसंद करता हूं और मैं उसी से शादी करना चाहता हूं। पापा- अच्छा एक बात बता, क्या वो भी तुझे पसंद करती है? संजू- संजू खुश होते हुए, हीहीही, हां जी हां पापा- जिस लड़की की पसंद ऐसी हो मैं उसे अपनी बहू नहीं बना सकता।



### शायरी

वो ताज़ा-दम हैं नए शो'बदे दिखाते हुए
अवाम थकने लगे तालियां बजाते हुए

### अर्थसार



सेंसेक्स:
85,041.45
-367.25 (0.43%)
निफ्टी:
26,042.30
-99.80

### मौसम



अधिकतम : 19 डिग्री से0
न्यूनतम : 07 डिग्री से0
सूर्योदय सोमवार : 7 : 22
सूर्यास्त रविवार : 5 : 38

---

**विरोध प्रदर्शन**



शिमला में सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीआईटीयू) से संबद्ध 108 और 102 एम्बुलेंस वर्कर्स यूनियन के बैनर तले चल रही राज्यव्यापी हड़ताल के दौरान एम्बुलेंस सेवाओं के कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया।

## असम में 10.56 लाख वोटर के नाम कटे

**गुवाहाटी।** असम में विधानसभा चुनाव से करीब छह महीने पहले वोटर लिस्ट का स्पेशल रिवीजन किया गया है। इसमें 10,56,291 लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं। चुनाव आयोग ने असम में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन प्रक्रिया स्पेशल रिवीजन नाम से कराई थी। शनिवार को जारी ड्राफ्ट रोल के मुताबिक असम में कुल 2,51,09,754 वोटर हैं। इनमें 93,021 हजार से ज्यादा डी-वोटर यानी डाउटफुल वोटर शामिल नहीं हैं। वोटर लिस्ट में से मौत, नई जगह शिफ्ट होने या डुप्लीकेट एंट्री होने की वजह से 10.56 लाख लोगों के नाम हटाए गए हैं। असम में स्पेशल रिवीजन 22 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच किया गया था। इस दौरान वोटरों के घर-घर जाकर जांच की गई, जिसके बाद ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की गई। वोटर 22 जनवरी तक दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। फाइनल इलेक्टोरल रोल 10 फरवरी को पब्लिश किए जाएंगे। डी-वोटर वे लोग होते हैं, जिनकी नागरिकता पर सरकार को शक होता है। ऐसे लोगों को वोट देने की परमिशन नहीं होती। इन्हें फॉरेनर्स एक्ट, 1946 के तहत खास ट्रिब्यूनल तय किया जाता है और इन्हें वोटर कार्ड भी नहीं दिया जाता। इन डी-वोटर्स की जानकारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में अलग से जोड़ी गई है।

# दिल्ली : 40 में से 20 स्टेशनों पर एक्यूआई 400 पार

### बिना पॉल्यूशन सर्टिफिकेट पेट्रोल-डीजल, बीएस-6 से नीचे गाड़ियों की एंट्री पर परमानेंट बैन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 385 दर्ज किया गया, जो गंभीर स्तर के बेहद करीब है। वहीं, राजधानी के 40 में से 20 एक्यूआई स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में रही, यहां एक्यूआई 400 से ज्यादा दर्ज हुआ।

इनमें शादीपुर, विवेक विहार, अशोक नगर, बवाना, चांदनी चौक, डीटीयू, द्वारका, आईटीओ और मुंडका के स्टेशन शामिल थे। प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) का स्टेज-3 लागू कर दिया है।

इस बीच पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि दिल्ली में प्रदूषण रोकने के लिए ग्रैप-4 की दो पाबंदियों को अब स्थाई तौर पर लागू कर दिया गया है। अब बिना वैध पॉल्यूशन सर्टिफिकेट के पेट्रोल-डीजल और बीएस-6 मानक से कम वाले वाहनों की दिल्ली में एंट्री पर परमानेंट बैन रहेगा। ये पाबंदियां पहले सिर्फ ग्रैप-4 लगने पर लागू की जाती थी, लेकिन अब सरकार की ओर से अगला आदेश आने तक लगी रहेगी।

इसके अलावा सरकार ने तालाबों और अन्य जल स्रोतों को दोबारा साफ और जीवित करने के लिए 100 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं।



#### 50 प्रतिशत एम्प्लॉइज को वर्क फ्रॉम होम अनिवार्य

इससे पहले सरकार ने 18 दिसंबर को सभी सरकारी और प्राइवेट दफ्तरों में 50त्न कर्मचारियों के लिए वर्क फ्रॉम होम नियम लागू कर दिया था। इसका मतलब सभी दफ्तरों में सिर्फ आधे कर्मचारी जा रहे हैं। आधे कर्मचारी घर से काम कर रहे हैं। दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि यह नियम 19 दिसंबर से लागू होंगे। कुछ सेक्टरों, जैसे हेल्थकेयर, फायर सर्विस, जेल प्रशासन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, डिजास्टर मैनेजमेंट जैसे जरूरी सेवाएं देने वाली संस्थानों को नियम से छूट दी गई थी।

# खड़गे बोले- मोदी को गांधी सरनेम से दिक्कत

### राहुल बोले- मोदी वन मैन शो चला रहे, इसका फायदा 2-3 अरबपतियों को मिल रहा

नई दिल्ली। कांग्रेस मनरेगा का नाम 'वीबी-जी राम जी' करने का देशव्यापी विरोध करेगी। 5 जनवरी से इसके खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी शनिवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दी। उन्होंने कहा- मोदी को गांधी सरनेम से दिक्कत है, इसलिए मनरेगा का नाम बदला गया। ये कानून कानून गरीबों को कुचलने और उन्हें दबाने के लिए है।

#### कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा-

मनरेगा सिर्फ योजना नहीं थी, यह अधिकारों का सिद्धांत था। यानी इससे देश के करोड़ों लोगों को मिनिमम वेज मिलती थी। मनरेगा बंद करना डायरेक्ट राइट बेस्ड के कॉन्सेप्ट पर आक्रमण है। ये जो पैसा लिया जा रहा है, वो राज्यों से छीनकर केंद्र सरकार ले रहा है।



ये पावर और फाइनेंस का कॉन्ट्रेक्शन है। ये फैसला सीधे पीएम हाउस से लिया गया है। दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमितिकी बैठक में खड़गे ने यह भी कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया लोकतांत्रिक अधिकारों को कम करने की सुनियोजित साजिश है।


## अरावली हिल्स में खनन मामले का सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वत : संज्ञान

### जजों की बेंच सोमवार को करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट अरावली हिल्स में खनन से संबंधित मामले पर सोमवार को सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन जजों की बेंच इस मामले पर स्वत: संज्ञान लिया है। यह सुनवाई नवंबर 2025 के उस फैसले के बाद हो रही है, जिसमें कोर्ट ने पर्यावरण मंत्रालय की समिति की सिफारिश पर अरावली हिल्स की नई परिभाषा स्वीकार की थी – जिसमें स्थानीय स्तर से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली भूमि को ही अरावली हिल माना जाएगा। साथ ही, पूर्व वन संरक्षण अधिकारी आरपी बलवान की याचिका भी इस मामले से जुड़ी है, जिसमें उन्होंने इस परिभाषा को चुनौती दी है। यह कदम पर्यावरणीय चिंताओं और राजस्थान सहित कई राज्यों में हो रहे प्रदर्शनों के बीच उठाया गया है। विवाद की जड़ अरावली पर्वतमाला की परिभाषा में है, जो दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में फैली हुई है। यह दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है, जो थार मरुस्थल के फैलाव को रोकती है, भूजल रिचार्ज करती है और जैव विविधता को बनाए रखती है।

## कुलदीप सेंगर को मिलेगी राहत या सुप्रीम कोर्ट कर देगा हाईकोर्ट का फैसला रद; सुनवाई कल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले में भाजपा से निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर की आजीवन कारावास की सजा निलंबित किए जाने के खिलाफ सीबीआइ द्वारा दायर याचिका पर 29 दिसंबर को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस आगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ इस याचिका पर सुनवाई करेगी। अधिवक्ता अंजले पटेल और पूजा शिल्पकार द्वारा दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली एक अन्य याचिका पर भी सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा। 23 दिसंबर को दिल्ली हाई कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे सेंगर की सजा को यह कहते हुए निलंबित कर दिया था कि वह पहले ही सात साल और पांच महीने जेल में बिता चुके हैं। हाईकोर्ट के आदेश को सीबीआइ ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। वैसे, पूर्व भाजपा विधायक अभी जेल में ही रहेंगे, क्योंकि दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में भी वह 10 साल की सजा काट रहे हैं।



## इंडिगो संकट- जांच पैनल ने 22 दिन में रिपोर्ट सौंपी

### सरकार ने गोपनीय रखी; दूसरी रिपोर्ट में दावा- क्रू की कमी नहीं, रोस्टर में गड़बड़ी थी

**नई दिल्ली।** इंडिगो में बड़े पैमाने पर फ्लाइट कैंसिलेशन की जांच करने वाले पैनल ने शुक्रवार शाम अपनी रिपोर्ट एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए को सौंप दी है। इस कमेटी को 22 दिन पहले 5 दिसंबर को बनाया गया था। हालांकि रिपोर्ट्स में क्या लिखा है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

उधर, अंग्रेजी न्यूज पेपर की एक रिपोर्ट के मुताबिक डीजीसीए के एक अलग सिस्टमैटिक रिव्यू यानी एक तरह की जांच में कहा गया है कि इंडिगो ने नवंबर में अपने 307 एयरबस-विमानों के बेड़े को चलाने के लिए 4,575 पायलटों को नियुक्त किया था।

यह ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिस के तहत जरूरी 3,684 पायलटों की संख्या से 891 ज्यादा थे। इससे पता चलता है कि क्रू की कमी नहीं, बल्कि शेड्यूलिंग (रोस्टर) में गड़बड़ी की वजह से ही फ्लाइट्स कैंसिल हुईं।

इधर, इंडिगो ने फ्लाइट कैंसिलेशन प्रभावित यात्रियों को 10,000 के ट्रैवल वाउचर जारी करना शुरू कर दिया है। ये वाउचर 12 महीने तक वैध रहेंगे, जो इंडिगो की किसी भी फ्लाइट में इस्तेमाल किए जा सकेंगे।



दरअसल, दिसंबर महीने की शुरुआत में इंडिगो की 10 दिनों के भीतर 5,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो गईं थीं, जिससे देश भर में हजारों यात्री फंस गए थे।

#### एफएसडी पद से रविंदर सिंह जम्वाल को हटाया गया

डीजीसीए ने रविंदर सिंह जम्वाल से फ्लाइट स्टैंडर्ड्स डायरेक्टोरेट का अतिरिक्त प्रभार हटा लिया है। डीजीसीए के आदेश के मुताबिक, अब उन्हें केवल एयरस्पेस और एयर नेविगेशन सर्विसेज सेक्शन में तैनात किया गया है।

यह आदेश 23 दिसंबर 2025 को जारी किया गया था। इसकी जानकारी शनिवार को सामने आई। हालांकि, इस फैसले के पीछे की तत्काल वजह साफ नहीं हो पाई है। डीजीसीए से इस संबंध में सवाल पूछे गए, लेकिन कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिला।

# दिल्ली-यूपी में कड़कड़ाती सर्दी का सितम जारी

### कश्मीर-हिमाचल में बर्फबारी

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में सर्दी का पीक जारी है। दिल्ली एनसीआर में घना कोहरा, कड़ाके की ठंड और प्रदूषण मिलकर जनजीवन को प्रभावित कर रहे हैं। आईएमडी के अनुसार, मैदानी इलाकों में कोहरे से विजिबिलिटी कम है, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है। ठंड, कोहरा और प्रदूषण की त्रिकोणीय मार से उत्तर भारत प्रभावित है। आईएमडी ने येलो/ऑरेंजअलर्ट जारी किया है। अगले कुछ दिनों में ज्यादा राहत की उम्मीद कम है।



#### एनसीआर : ठंड और प्रदूषण का दोहरा प्रहार

28 दिसंबर 2025 को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 7-9 और अधिकतम 20-22 रहने की संभावना है। सुबह के समय मध्यम से घना कोहरा छाया रहेगा, जिससे विजिबिलिटी कम हो सकती है। वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है, जो 300-400 के बीच है।

#### उत्तर प्रदेश : शीत दिवस की स्थिति और घना कोहरा

पूर्वी और पश्चिमी यूपी में घने से बहुत घने कोहरे की चेतावनी है। न्यूनतम तापमान 5-10 तक गिर सकता है, जिससे शीत दिवस की स्थिति बनी रहेगी। लखनऊ, वाराणसी और आगरा जैसे शहरों में कोहरा यातायात को प्रभावित कर रहा है। प्रदूषण स्तर भी ऊंचा है, खासकर पश्चिमी यूपी में दिल्ली के प्रभाव से।

#### जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश : बर्फबारी की खुशखबरी

वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के प्रभाव से 28 दिसंबर को हल्की से मध्यम बर्फबारी और बारिश की संभावना है। श्रीनगर, गुलमर्ग और शिमला जैसे इलाकों में ताजा बर्फ पर्यटकों को आकर्षित कर रही है, लेकिन ऊपरी इलाकों में एवलांच का खतरा है। न्यूनतम तापमान माइनस में रहने से कड़ाकी की ठंड जारी है।

### बेटा न होने से परेशान मां ने छह वर्षीय बेटी की कर दी हत्या

**मुंबई।** नवी मुंबई की एक 30 वर्षीय महिला को अपनी छह वर्षीय बेटी की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बताया जाता है कि वह बेटी नहीं चाहती थी, इसलिए उसकी हत्या कर दी। पूछताछ के दौरान महिला ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी बेटी की हत्या इसलिए की क्योंकि उसे बेटा चाहिए था। वह इस बात से भी नाखुश थी कि बेटी की बोली स्पष्ट नहीं थी। वह केवल हिंदी बोलती थी, मराठी नहीं। महिला अवसादग्रस्त बताई गई है। कलंबोली पुलिस अधिकारी के अनुसार, महिला ने बीएससी की पढ़ाई की है और अपने आइटी इंजीनियर पति के साथ रहती है।

## राजस्थान में बुर्का या घूंघट पहनकर महिलाएं नहीं कर सकेंगी मतदान

### राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी किए दिशा-निर्देश

जयपुर। राजस्थान में पंचायतीराज और स्थानीय निकायों के चुनाव में बुर्का या घूंघट पहनकर महिलाएं मतदान नहीं कर सकेंगी। मतदानकर्मी पहचान के बाद ही उन्हें मतदान करने की अनुमति देंगे।

मतदानकर्मी इस बात का अवश्य ध्यान रखेंगे कि कोई भी महिला मुंह ढककर मतदान नहीं करे।

#### मतदाता का आइडी कार्ड दिखाना आवश्यक होगा

राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदान दलों के गठन को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

राज्य के निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने बताया कि मतदाता की पहचान के लिए मतदाता का आइडी कार्ड दिखाना आवश्यक होगा।

मतदान केंद्रों पर पहले मतदाता का नाम एवं फोटो का मिलान किया जाएगा। उसके बाद बिना चेहरा ढके मतदान करना होगा।

आयोग के अनुसार स्थानीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के दौरान गठित होने वाले मतदान दलों में महिला कर्मचारियों को शामिल नहीं किया जाएगा।

दलों में केवल पुरुष कर्मचारी ही शामिल होंगे। ऐसे में बुर्काधारी एवं घूंघट करके आने वाली महिला मतदाताओं की पहचान के लिए स्थानीय महिला कर्मचारी की सहायता लेने के निर्देश दिए गए हैं।

**हत्या**

### हरिद्वार में पुलिस कस्टडी में किया था हमला, बहन बोली- 750 करोड़ का राज दबा

# गैंगस्टर विनय की मौत, बदमाशों ने 3 गोली मारी थी

हरिद्वार। एम्स ऋषिकेश में भर्ती कुख्यात विनय त्यागी की इलाज के दौरान आज सुबह मौत हो गई। ट्रॉमा सेंटर में उसका इलाज चल रहा था। एम्स प्रशासन ने शनिवार सुबह करीब 7 बजे विनय त्यागी को मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की पुष्टि एम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. श्रीलाय मोहंती ने की है।

सूचना मिलते ही हरिद्वार पुलिस एम्स पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, पोस्टमॉर्टम एम्स ऋषिकेश में ही किया जाएगा।

इससे पहले तन्वी भारद्वाज ने बताया था कि उनके पिता विनय त्यागी को पहले से ही जान का खतरा महसूस हो रहा था। इस संबंध में उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट और जेल प्रशासन को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की थी। इसके बावजूद कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई।

तन्वी के अनुसार, गोली उनके पिता की आंतों में लगी थी, जिससे काफी डैमेज हुआ था और उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि पिछले तीन दिनों से पुलिस प्रशासन उन्हें अपने पिता से ठीक से मिलने या बात करने नहीं दे रहा था। सिर्फ एक-दो बार दूर से देखने दिया गया था।



#### पुलिस की गाड़ी को घेर कर मारी थी गोलियां

तीन दिन पहले हरिद्वार में दिनदहाड़े फिल्मी स्टाइल में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई थी। बदमाशों ने मेरठ के अपराधी विनय त्यागी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी, जिसमें उसे गोली लगी थी। क्रॉस फायरिंग में दो कॉन्स्टेबल घायल हुए थे।

यह घटना तब हुई थी जब पुलिस विनय त्यागी को कोर्ट में पेशी के लिए ले जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने पुलिस की गाड़ी का पीछा किया और लक्सर फ्लाईओवर के पास जाम के दौरान अचानक गोलियां चला दी थी।

#### 750 करोड़ की चोरी का राज दबा

हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी की बहन सीमा त्यागी का बड़ा आरोप लगाते हुए कहा था कि देहरादून से कुल 750 करोड़ की चोरी हुई। इसमें पैसा, ज्वैलरी और बेनामी प्रॉपर्टी के कागजात थे। ये माल ठेकेदार सुभाष त्यागी का था। उसने ईडी से बचने को देहरादून में डॉक्टर के यहां छिपाया था। विनय त्यागी को इस बात की जानकारी हुई। विनय और ठेकेदार की पुरानी रंजिश थी।

इसलिए विनय ने पूरा माल चुराया और वो ईडी को सौंपने जा रहा था। रास्ते में ही देहरादून पुलिस ने विनय को पत्नी सहित दबोचा। सारा माल बरामद किया। अब विनय को पेशी पर ले जाते वक्त मारने की साजिश थी, ताकि वो ईडी या किसी और एजेंसी के सामने मुंह न खोल पाए। उत्तराखंड पुलिस इसमें शामिल है।

## संपादकीय

# देश में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन होना जरूरी है



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया बच्चों की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। इंस्टाग्राम, टिकटॉक, यूट्यूब और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म्स पर घंटों बिताना आम हो गया है। लेकिन क्या यह बच्चों के लिए सुरक्षित है ? हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगा दिया है, और मद्रास हाईकोर्ट ने भारत सरकार को भी ऐसा ही कानून बनाने का सुझाव दिया है। 2025 में यह मुद्दा और गंभीर हो गया है, क्योंकि भारत में बच्चों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। इस लेख में हम चर्चा करेंगे कि बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन क्यों जरूरी है, इसके फायदे-नुकसान और भारत की स्थिति पर।

### सोशल मीडिया के नुकसान : बच्चों पर गहरा असर

सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है। भारत में एक सर्वे के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में 9-17 साल के बच्चों के माता-पिता में से आधे से ज्यादा मानते हैं कि उनके बच्चे सोशल मीडिया, वीडियो या गेमिंग के आदी हैं। कई बच्चे रोजाना 3-6 घंटे या इससे ज्यादा समय स्क्रीन पर बिताते हैं। इससे साइबर बुलिंग, अनुचित कंटेंट का संपर्क, नींद की कमी, आंखों की समस्या और आक्रामक व्यवहार बढ़ रहा है।

मानसिक स्वास्थ्य पर सबसे बड़ा खतरा है। अध्ययनों से पता चला है कि सोशल मीडिया से चिंता, डिप्रेशन, कम आत्मसम्मान और यहां तक कि आत्महत्या के विचार बढ़ते हैं। भारत में कर्नाटक जैसे राज्यों में सर्वे में 99 प्रतिशत बच्चे सोशल मीडिया की लत से मानसिक तनाव में पाए गए। साइबर बुलिंग से 3 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक बच्चे प्रभावित हैं। लड़कियां बॉडी इमेज के दबाव में ज्यादा पीड़ित हैं, जबकि लड़के गेमिंग एडिक्शन से। कोविड के बाद ऑनलाइन क्लासेस ने यह लत और बढ़ाई है।

### अंतरराष्ट्रीय उदाहरण : ऑस्ट्रेलिया और अन्य देश

2025 में ऑस्ट्रेलिया दुनिया का पहला देश बना जहां 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया अकाउंट बनाने पर बैन लगा। प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक और यूट्यूब पर कंपनियों को सख्त नियम मानने पड़ रहे हैं, वरना भारी जुर्माना। इसका मकसद बच्चों को हानिकारक कंटेंट, बुलिंग और एडिक्शन से बचाना है। डेनमार्क ने 15 साल से कम उम्र के लिए बैन की योजना बनाई है, जबकि मलेशिया और न्यूजीलैंड भी ऐसे कदम उठा रहे हैं। इन देशों में शोध दिखाते हैं कि सोशल मीडिया से बच्चों की नींद, पढ़ाई और रियल लाइफ सोशल स्किल्स प्रभावित हो रही हैं।

भारत में मद्रास हाईकोर्ट ने दिसंबर 2025 में केंद्र को सुझाव दिया कि ऑस्ट्रेलिया जैसे कानून पर विचार करें। कोर्ट ने कहा कि बच्चे ऑनलाइन पोर्नोग्राफिक कंटेंट के संपर्क में आसानी से आ रहे हैं, जो गंभीर खतरा है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने पहले कहा कि यह नीतिगत मामला है, लेकिन बढ़ती समस्याओं से दबाव बढ़ रहा है।

### बैन के फायदे : बच्चों का सुरक्षित भविष्य

बैन से बच्चों को कई फायदे होंगे। सबसे पहले, मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होगा। कम स्क्रीन टाइम से नींद सुधरेगी, पढ़ाई पर फोकस बढ़ेगा और रियल लाइफ दोस्ती मजबूत होगी। साइबर बुलिंग और अनुचित कंटेंट से बचाव होगा। माता-पिता की चिंता कम होगी, क्योंकि वे अकेले इस समस्या से नहीं जूझ रहे। ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में यह कदम बच्चों को आउटडोर एक्टिविटी और क्रिएटिविटी की ओर ले जा रहा है। भारत में भी अगर बैन लगे तो ग्रामीण और शहरी बच्चों में डिजिटल डिवाइड कम होगा, क्योंकि सभी सुरक्षित रहेंगे।

### चुनौतियां और विपक्ष : संतुलन की जरूरत

हालांकि बैन के खिलाफ भी तर्क हैं। सोशल मीडिया से बच्चे शिक्षा, जानकारी और सपोर्ट ग्रुप्स तक पहुंचते हैं। खासकर कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए यह जरूरी संसाधन है। पूरा बैन लगाने से बच्चे अनियमित प्लेटफॉर्म्स पर जा सकते हैं, जो और खतरनाक हैं। लागू करना मुश्किल होगा, क्योंकि उम्र सत्यापन कैसे होगा ? कुछ विशेषज्ञ कहते हैं कि पैरेंटल कंट्रोल, जागरूकता और उम्र सीमा के साथ नियम बेहतर हैं। डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन रूल्स 2025 में 18 साल से कम उम्र वालों के लिए पैरेंटल कंसेंट अनिवार्य है, लेकिन यह काफी नहीं।

### निष्कर्ष- बैन जरूरी, लेकिन संतुलित तरीके से

देश में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन होना जरूरी है, क्योंकि लत और मानसिक स्वास्थ्य संकट बढ़ रहा है। ऑस्ट्रेलिया का मॉडल अपनाकर भारत 16 साल से कम उम्र के लिए बैन लगा सकता है, साथ ही पैरेंटल कंट्रोल और शिक्षा पर फोकस करे। सरकार, माता-पिता और प्लेटफॉर्म्स को मिलकर काम करना चाहिए। जागरूकता अभियान, स्कूलों में डिजिटल लिटरेसी और डिजिटल डिटॉक्स जरूरी है। बच्चों का भविष्य सुरक्षित बनाने के लिए अब समय आ गया है कि सख्त कदम उठाए जाएं। अन्यथा हम एक ऐसी पीढ़ी तैयार कर रहे होंगे जो डिजिटल गुलाम बन जाएगी।

# सेंगर की रिहाई से उठे सवाल

उन्नाव दुराचार मामले में दोषी कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत दिए जाने के खिलाफ शुक्रवार को पीड़िता की मां समेत कई लोगों ने दिल्ली हाईकोर्ट के सामने प्रदर्शन किया। वे दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों दिल्ली हाईकोर्ट ने बहुचर्चित उन्नाव रेप केस के दोषी पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत दे दी थी। जिसके बाद फैसले को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। पीड़िता की मां इस जमानत को रद्द करने और शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने की बात कहती रही हैं। वे अपने पति के हत्यारों को फांसी देने की गुहार लगाती नजर आईं। विपक्षी नेता भी आरोप लगाते रहे हैं जिस तरह तकनीकी आधार पर दोषी को छूट दी गई है, उसमें न्यायिक प्रणाली के लिये गलत परंपरा विकसित होगी। जिससे पीड़िता के परिवार का ही नहीं, बल्कि देश की महिलाओं का भरोसा भी टूटेगा। दरअसल, वर्ष 2017 में हुए इस बहुचर्चित मामले में पूर्व विधायक को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनायी गई थी। जिसे हाईकोर्ट ने कुछ शर्तों के साथ पिछले दिनों जमानत दे दी। जिसके खिलाफ पीड़ित पक्ष और कतिपय महिला संगठन मुखर हुए हैं।

बल्कि इस मामले की सर्वाइवर का कहना था कि यदि दोषी व्यक्ति जेल से बाहर होगा तो सुरक्षा के लिये मुझे जेल भेज दिया जाए। उल्लेखनीय है कि सजा मिलने के छह साल बाद हाईकोर्ट की एक बैंच ने उसकी सजा निलंबित कर दी थी। पूर्व विधायक को 15 लाख रुपये के निजी मुचलके और समान राशि के तीन जमानतदार पेश करने का निर्देश दिया था। सजा निलंबित होने के कुछ ही घंटों के बाद पीड़िता व कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इंडिया गेट पर विरोध प्रदर्शन किया था। उनका आरोप था कि उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दोषी को जमानत दी गई है। पीड़ित पक्ष का आरोप था कि दोषी व्यक्ति जेल से बाहर रहेगा तो उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इस मामले में विपक्षी राजनीतिक दलों की भी तल्ख प्रतिक्रियाएं आई हैं।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न पर आखिर खामोश क्यों हैं दुनिया के लोग?

**कमलेश पांडे**


नवंबर 2024 से जनवरी 2025 तक 76 हमले दर्ज हुए, जबकि अगस्त 2024 से अब तक 23 हिंदुओं की हत्या और 152 मंदिरों पर आक्रमण की खबरें हैं। वहीं, 2025 में राजबाड़ी जिले में अमृत मंडल और दीपू चंद्र दास जैसे हिंदू युवकों की पीट-पीटकर हत्या हुई, साथ ही घरों में आगजनी के मामले सामने आए।

भारत के पड़ोसी बांग्लादेश में हिंदुओं पर उत्पीड़न एक लंबे अरसे से चली आ रही समस्या है, जबकि उसके उदय में भारत सरकार की परोक्ष भूमिका रही है। कभी पूर्वी पाकिस्तान कहे जाने वाले बंगलादेश में अक्सर इस्लामिक कट्टरता ब्रेक के बाद मुखर हो जाती है, जो राजनीतिक अस्थिरता के दौरान अमूमन तेज हो जाती है। यह भारत सहित अंतर्राष्ट्रीय चिंता का विषय है और दुनियाभर में अल्पसंख्यक समूह के उत्पीड़न पर संयुक्त राष्ट्र संघ की विफलता का द्योतक है। हाल के दिनों में भारत और बंगलादेश के कूटनीतिक सम्बन्धों पर भी इन बातों का साफ असर महसूस किया जा सकता है।

यदि पुरानी बातें छोड़ भी दीं जाएं तो गत वर्ष यानी 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद से बंगलादेश में हिंदू विरोधी हिंसा में पुन: उछाल आया है, जिसमें मंदिरों पर हमले, घरों में लूटपाट और हत्याएं शामिल हैं। इस पर भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की महज खानापूर्ति वाली प्रतिक्रिया से वहां हिंदुओं पर संकट गहराता जा रहा है। इससे भारत में भी बंगलादेश विरोधी उत्तेजना स्वाभाविक है। यदि हालिया घटनाओं पर नजर दौड़ाएं तो पता चलता है कि नवंबर 2024 से जनवरी 2025 तक 76 हमले दर्ज हुए, जबकि अगस्त 2024 से अब तक 23 हिंदुओं की हत्या और 152 मंदिरों पर आक्रमण की खबरें हैं। वहीं, 2025 में राजबाड़ी जिले में अमृत मंडल और दीपू चंद्र दास जैसे हिंदू युवकों की पीट-पीटकर हत्या हुई, साथ ही घरों में आगजनी के मामले सामने आए। इसकी एक बड़ी वजह बंगलादेश में हिंदुओं की जनसंख्या में निरंतर कमी होना भी है। आंकड़े बताते हैं कि 1971 में हिंदू बांग्लादेश की आबादी का 22त्न थे, जो अब घटकर 8त्न से कम रह गए हैं, जो मुख्यत: उत्पीड़न और पलायन के कारण हुआ है।

एक अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च के मुताबिक, 16 लाख हिंदू भारत चले गए, क्योंकि बंगलादेश में हिंदुओं की भूमि हड़पना, बलात्कार और मंदिर तोड़फोड़ आम अपराध हैं। इससे जुड़े आंकड़े और रिपोर्ट की मानें तो 2025 के पहले छह महीनों में 258 हिंसा की घटनाएं हुईं, जिनमें 20 बलात्कार और 59 पूजा स्थलों पर हमले शामिल हैं। कुल 4 अगस्त 2024 से जून 2025 तक 2,244 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। जबकि अंतरिम सरकार पर निष्क्रियता का आरोप है, जिससे अपराधी बेखौफ हैं।

दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि बंगलादेश की कार्यवाहक सरकार के मुखिया मोहम्मद युनुस ने बांग्लादेश में हिंदू हत्याओं पर प्रत्यक्ष रूप से कोई स्पष्ट सार्वजनिक बयान या ठोस कार्रवाई नहीं की है, जिससे उनकी सरकार पर निष्क्रियता के आरोप लगे हैं। कई रिपोर्ट्स में हिंसा को उनकी कथित कट्टरपंथी नीतियों से जोड़ा गया है, लेकिन आधिकारिक प्रतिक्रिया में केवल सामान्य शांति अपील तक सीमित रहने का उल्लेख है। इसलिए उनपर आरोप लगते हैं और आलोचना भी होती है कि युनुस सरकार पर जमात-ए-इस्लामी जैसे कट्टरपंथी समूहों को संरक्षण दे रहे हैं, जिसके बाद हिंदू हत्याओं में वृद्धि हुई।



वहीं, भारतीय मीडिया और विपक्षी नेता भी उन्हें हिंसा के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं, जबकि युनुस ने भारत के दबाव में जांच के वादे किए बिना कोई स्पष्ट स्टैंड नहीं लिया। जहां तक अंतरराष्ट्रीय दबाव की बात है तो भारत और ब्रिटेन जैसे देशों ने युनुस से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की मांग की, लेकिन उनकी प्रतिक्रिया में कोई ठोस कदम नहीं दिखा। वहीं, बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने निर्वासन से युनुस पर हिंदू उत्पीड़न को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। जहां तक इस मसले पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया का सवाल है तो भारत सरकार ने लोकसभा में मामले उठाया, जबकि विश्व हिंदू परिषद ने विरोध प्रदर्शन किए। वहीं, ब्रिटिश सांसदों ने युनुस सरकार पर कार्रवाई की मांग की।

बता दें कि भारत विदेशों में हिंदुओं पर हो रहे उत्पीड़न को मुख्य रूप से कूटनीतिक दबाव, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आवाज उठाने और संबंधित देशों से न्याय की मांग करके रोकने का प्रयास करता है। बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे देशों में हालिया घटनाओं पर विदेश मंत्रालय ने सख्त बयान जारी किए हैं, जहां दोषियों को सजा देने और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई है।

जहां तक कूटनीतिक प्रयास की बात है तो भारतीय विदेश मंत्रालय बांग्लादेश में हिंदू युवकों की हत्या और घरों पर हमलों की कड़ी निंदा करता है तथा अंतरिम सरकार से कार्रवाई की अपेक्षा रखता है। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने ढाका में बांग्लादेशी समकक्ष से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर चर्चा की। वहीं भारत उचित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की दुर्दशा उजागर करता है, लेकिन सुरक्षा की मुख्य जिम्मेदारी संबंधित देश की सरकार मानता है। जहां तक गृह मंत्रालय की भूमिका की बात है तो गृह मंत्री अमित शाह ने बांग्लादेश सीमा पर विशेष समिति गठित की है जो हिंदू अल्पसंख्यकों की स्थिति की निगरानी करती है और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। नागरिकता संशोधन कानून के जरिए उत्पीड़ित हिंदू, सिख आदि को भारत में शरण प्रदान की जा रही है।

वहीं, विभिन्न राष्ट्रवादी संगठनों ने भी इस मामले में पहल की है। खासकर आरएसएस ने अपनी शताब्दी बैठक में विदेशों में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए संकल्प पारित किया तथा संरक्षण तंत्र की मांग की। जबकि कुछ विश्लेषकों ने राइट टू प्रोटेक्ट सिद्धांत अपनाने का सुझाव दिया है, जिसमें सीमा पर सुरक्षित क्षेत्र बनाने जैसे कदम शामिल हैं।हालांकि इस दिशा में चुनौतियां की काफी हैं, क्योंकि भारत विदेशी सरकारों पर दबाव बनाता है, लेकिन प्रत्यक्ष हस्तक्षेप सीमित रहता है क्योंकि संप्रभुता का सम्मान किया जाता है। वहीं वैश्विक शक्तियां जैसे अमेरिका-ब्रिटेन भी हिंसा की निंदा करती हैं, जो भारत के प्रयासों को मजबूती देती हैं।


पिछले साल आपने देखा होगा कि चिन्मय कृष्ण दास, बांग्लादेश संमिलित सनातन जागरण जोत के प्रवक्ता और पूर्व इस्कॉन नेता, को 25 नवंबर 2024 को ढाका हवाई अड्डे से राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी का मुख्य कारण चटगांव में 25 अक्टूबर को हुई रैली में बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के ऊपर केसरिया झंडा फहराने का आरोप था, जहां वे हिंदू अल्पसंख्यकों के आठ सूत्री मांगों के लिए प्रदर्शन कर रहे थे। उनकी गिरफ्तारी शेख हसीना सरकार गिरने के बाद अल्पसंख्यक हिंसा के खिलाफ बड़े प्रदर्शनों (चटगांव और रंगपुर में) से जुड़ी थी, जिसे बांग्लादेशी अधिकारी राजद्रोह मानते हैं। बाद में चटगांव में वकील सैफुल इस्लाम की हत्या के मामले में भी उन्हें आरोपी दिखाया गया, जो उनकी गिरफ्तारी के बाद हुई हिंसक झड़पों से उपजा। अप्रैल 2025 में हाईकोर्ट ने राजद्रोह मामले में जमानत दी, लेकिन स्टे लग गया और वे जेल में हैं।

इसका तत्काल प्रभाव यह हुआ कि उनकी गिरफ्तारी के बाद पूरे बांग्लादेश में हिंदू समुदाय ने विरोध प्रदर्शन किए, जिससे हिंसक झड़पें हुईं और एक व्यक्ति की मौत हो गई। स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन जैसे समूहों ने इस्कॉन पर प्रतिबंध की मांग की। इस मुद्दे पर भारत और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की प्रतिक्रिया भी आई। भारतीय विदेश मंत्रालय ने गिरफ्तारी और जमानत अस्वीकार पर गहरी चिंता जताई तथा बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा। इससे भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव बढ़ा, जहां भारत हिंदू अधिकारों पर जोर दे रहा है। इसका व्यापक प्रभाव पड़ा, क्योंकि यह घटना बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न का प्रतीक बनी, जिससे वैश्विक स्तर पर अल्पसंख्यक अधिकारों पर बहस तेज हुई। चिन्मय दास हिंदू समुदाय के प्रतिरोध के चिह्न बन गए।

यद्यपि भारत-बंगलादेश एक दूसरे के पूरक हैं, फिर भी उसपर बढ़ता पाकिस्तानी प्रभाव भारत के लिए चिंता का सबब है। लिहाजा भारत सरकार से यह अपेक्षा की जाती है कि वह बंगलादेश के साथ कूटनीतिक स्तर पर कड़ाई बरते। अंतर्राष्ट्रीय कारोबारी स्तर पर प्रतिबंध लगाए। उसको शह देने वाले पाकिस्तान की नकेल कसे। यदि अमेरिका-चीन की भूमिका सामने आए तो उनके खिलाफ भी स्पष्ट और सख्त रुख दिखाया जाए कि आसेतु हिमालय में न तो किसी की दादागिरी चलेगी और न ही किसी तरह के षड्यंत्र को चलने दिया जाएगा। भारत सरकार इस मुद्दे पर खड़ी रणनीति अपनाए और एकबारगी सख्त सैन्य कार्रवाई करके अपने मजबूत इरादे का परिचय दे, क्योंकि बिनु भय होंहिं न प्रीति...यह बात जगजाहिर है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3753



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



### काकुरो - 3752 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक साहब अपने दोस्त से कहने लगे- ''मेरी घरवाली बहुत झुठी है. वह कल दो घण्टे घर से गायब रही और वापसी पर मुझे बताया कि वह अपनी सहेली गीता के साथ फिल्म देखने गई थी !''

''मगर तुम्हें इस बात का पता कैसे चला कि वह झूठ बोल रही है.''

''उस समय मैं गीता के साथ फिल्म देख रहा था.'' साहब ने जवाब दिया.

इस पर दोस्त खामोश हो गया.

□ □ □

एक महिला एक निमन्त्रण में गई.

वहां उसने हर व्यक्ति को अपनी उम्र अलग-अलग बताई. किसी को बीस, किसी को पच्चीस तो किसी को तीस. यह देख उसकी एकमात्र बेटी उसे खींचकर कोने में ले गई और बोली-''मम्मी ! तुम किसी को कुछ भी आयु बताओ ! मगर इतना ध्यान अवश्य रखना कि मेरी और तुम्हारी उम्र में कम-से-कम नौ महीने का अन्तर रहे.''

□ □ □

एक आदमी ने जज से अपनी घरवाली को तलाक देने का कारण बताते हुए कहा- ''मेरी घरवाली ने शादी के बाद से अब तक केवल एक बेटी को जन्म दिया है. मगर मेरी प्रबल इच्छा है कि मैं एक बेटे का बाप बनूं.''

इस पर पत्नी तमककर बोली-''जज साहब ! अगर मैं इनके भरोसे रहती तो यह बेटी भी नहीं होती !''

## फिल्म वर्ग पहेली- 3753



**बायें से दायें:-**

१. 'किसी नजर को तेरा' गीत वाली राज बब्बर, सुरेश, डिम्पल की फिल्म-४
३. बॉबी, लारा, गुल पनाग की 'मैं यहां तू कहां' गीत वाली फिल्म-२
५. जैकी श्राफ, अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'ना जइयो परदेस' गीत वाली फिल्म-२
६. सनी, मीनाक्षी, ममता की फिल्म-३
८. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'छेड़ ना मुझ को' गीत वाली फिल्म-३
९. फिल्म 'आखिरी डाकू' में नायिका-२,२
११. 'बेदर्दी तेरे प्यार ने' गीत वाली फिल्म-२
१२. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
१३. शशिकपूर, शबाना आजमी की 'तोता मैना की कहानी तो' गीतवाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'बारिश' में नायिका कौन थी-२
१५. सलमान, नगमा की 'कैसा लगता है अच्छा लगता है' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तू कितने बरस की' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१७. फिल्म 'निगाहें' में नायक कौन था-२
१९. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२१. धारावाहिक 'एहसास' में 'तराना' द्वारा निभाया गया बड़ी बहू का पात्र-३
२२. 'पुलिस केस ना' गीत वाली जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की फिल्म-३
२४. अमिताभ, वहीदा, जीनत, की 'हर गोरी रानी यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'पराई हूँ पराई' गीत वाली शशिकपूर, आशा की फिल्म-४
२८. संजयदत्त, पूनम की 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'बाबूल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, पद्मिनी की फिल्म-२
३०. राजबब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो जमुना' गीत वाली फिल्म-३
३१. सलमान, स्नेहा की एक फिल्म-२
३२. फारूख शेख, पूनम की 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. अक्षयकुमार, करीना, प्रियंका की 'नजर आ रहा है' गीत वाली फिल्म-४
२. 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३
४. 'दुल्हन बनती हैं नसीबों वालियां' गीत वाली रणधीर कपूर, बबीता की फिल्म-२
५. अनिलकपूर, अक्षयकुमार वाली फिल्म 'बेवफा' की नायिका कौन है-३
६. 'डोन्ट से नो' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
७. 'जैसी करनी वैसी भरनी' गीत वाली राजकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की फिल्म-४
१०. गोविंदा, करिश्मा की 'अआ ई उ ऊ ओ मेरा दिल ना तोड़ो' गीत वाली फिल्म-२,२
११. 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली मिथुन, शत्रुघ्न, अनिता राज, हेमा की फिल्म-४
१३. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तिनका तिनका जरा जरा' गीत वाली जॉन अब्राहम, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-३
१८. राजकुमार, मनोजकुमार, वहीदा की 'खाली डब्बा खाली बोतल' गीत वाली फिल्म-५
२०. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
२३. 'ये लड़की जरा सी दीवानी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२५. नसीरूद्दीनशाह, रंजीता, स्मिता पाटिल की 'तू क्या जाने तुझमें' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल के टुकड़े टुकड़े कर के' गीत वाली अमजद खान, बिंदियागोस्वामी की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3754



## सूडोकु -3753


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3752 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## शब्द पहेली - 3753




**बाएँ से दाएँ**

2.पिता की बहन-2
5.कठोर-2
7.खून,रुधिर-2
8.मशरुम,फफूंद-3,2
9.इसे मकड़ी बुनती है-2
10.अपशिष्ट पदार्थ-2
11.धैर्य,संयम-2
13.स्फूर्ति,चंचलता-4
15.ओस,निशाजल-4
17.राशि निर्धारण-5
18.हलकापन-5
20.खालीपन,रिक्तता-4
23.स्नान करवाना-4
26.दंड-2
27.कार्य-2
28.कुर्बानी-2
29.कहानी का लेखक-5
30.प्रतिबिंब-2
31.गाना,नगमा-2
32.मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**

1.बंदूक की गोली-4
3.व्याकुलता-4
4.दौरान,मध्य में-5
5.सत्ताधारी-4
6.नरम,अकठोर-4
10.शराब,सुरा-2
12.ईश्वर-2
14.गतिशीलता-5
16.नवीन,नया -2,3
19.उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20.प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21.मवाद-2
22.नाजुकता-4
23.मना करना-4
24.मैं का बहुवचन -2
25.नाकारा,बेकार-4

### शब्द पहेली -3752 का हल



# 34 हजार करोड़ बकाया, बुनियादी सुविधाओं पर दिखेगा असर

## 116 बिल्डरों ने नहीं दिया प्राधिकरण का बकाया, यूनिटेक , आम्रपाली और सुपरटेक बड़े बकाएदार

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की ओर से सभी 116 ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं पर 30 नवंबर तक 34 हजार 283 करोड़ रुपए का बकाया है। जिनमें से करीब 25 हजार करोड़ रुपए ऐसे मामलों से जुड़े हैं जो कोर्ट, एनसीएलटी और सालों से ठप पड़ी परियोजनाओं में फंसे हुए हैं। इसका असर अब शहर में यूटिलिटी सेवाओं पर दिख सकता है। एक अधिकारी ने बताया कि प्राधिकरण के पास लैंड बैंक नहीं है।

जिससे राजस्व के आकड़ों में गिरावट आ रही है। प्राधिकरण एक ऑटोनॉमस बाडी है। इसलिए जमीन, टीएम और अन्य माध्यमों से जो भी पैसा आता है उसे शहर में बुनियादी सुविधा में लगाया जाता है। आय के सोर्स कम हो चुके है। बकाया वापस भी नहीं आ रहा।

जबकि प्राधिकरण ने बिल्डरों को कई बार नोटिस जारी किए ,EOW से वित्तीय जांच कराने का आग्रह किया। कोर्ट में पैरवी की। लेकिन अब तक बकाया वापस नहीं आया। अमिताभ कांत की सिफारिश के तहत 57 बिल्डर परियोजनाओं में करीब 800 करोड़ रुपए ही वापस मिल सका है।



### सुप्रीम कोर्ट मॉनिटरिंग में अटके बड़े बकाये

सर्वाधिक बकाया उन परियोजनाओं का है जो सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में चल रही हैं और जिन पर प्राधिकरण किसी भी तरह की रिकवरी कार्रवाई नहीं कर सकता। आम्रपाली और यूनिटेक समूह इसमें सबसे बड़े डिफॉल्टर हैं।

आम्रपाली समूह की नौ परियोजनाएं ज्यादातर 2009 से 2011 के बीच आवंटित है पर कुल 5,193 करोड़ रुपए बकाया हैं। इनमें सेक्टर 76 की सिलिकॉन सिटी, सेक्टर 120 की जोडियक, सेक्टर 45 की सफायर, सेक्टर 76 की प्रिंसली एस्टेट और सेक्टर 50 की एडन पार्क जैसी परियोजनाएं शामिल हैं। 2019 में फंड डायवर्जन और निर्माण ठप होने के बाद ये सभी परियोजनाएं सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में आ गई थीं।

यूनिटेक समूह नोएडा का सबसे बड़ा डिफॉल्टर है, जिसके पांच भूखंडों पर 13,509 करोड़ रुपए बकाया हैं। इनमें सबसे बड़ा बकाया 2006 में आवंटित सेक्टर 96,97,98 में है। जबकि सेक्टर 113, 117 और 144 में 2007-2011 के बीच हुए आवंटन भी वर्षों से विवादों और देरी के कारण रुके पड़े हैं। इसी में अब सुपरनोवा सुपरटेक भी जुड़ गया है। जिस पर 3700 करोड़ का बकाया है।

### NCLT में फंसे 16 डेवलपर, 7,300 करोड़ का बकाया

सुप्रीम कोर्ट के मामलों के बाहर 16 डेवलपर दिवालियापन प्रक्रिया में हैं, जिन पर कुल लगभग 7,300 करोड़ रुपए बकाया हैं। इसमें बड़े देनदार है।

ग्रेनाइट गेट प्रॉपर्टीज (सेक्टर 110) - 1,260 करोड़

लॉजिक्स इंफ्राटेक (सेक्टर 143) - 940 करोड़

लॉजिक्स सिटी डेवलपर्स (सेक्टर 143) 800 करोड़

थ्री सी प्रोजेक्ट्स (सेक्टर 168) 700 करोड़

इसके अलावा सुपरटेक की कई इकाइयों पर भी 1,000 करोड़ से अधिक का बकाया है।

### अधूरे और पूर्ण लेकिन बकाया प्रोजेक्ट

प्राधिकरण ने 30 अधूरी परियोजनाओं की पहचान की है जिन पर 6,761 करोड़ रुपए के बकाये हैं। वहीं, 13 पूरी हो चुकी परियोजनाओं ने 703 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं किया है, जबकि वे कब्जा दे चुके हैं।

# एआई टूल से नकल का आरोप और स्कूल में 'अपमान' से आहत 10वीं की छात्रा ने मौत को चुना

### पिता ने लगाया प्रताड़ना का आरोप




**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट से एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने हर माता-पिता के दिल को झकझोर दिया है। यहाँ 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक 16 साल की छात्रा ने अपनी सोसाइटी की 8वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।

यह घटना बिसरख थाना क्षेत्र अंतर्गत गौर सिटी की बताई जा रही है। छात्रा ने बीती रात करीब 2 बजकर 15 मिनट के आसपास 8वीं मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जान दे दी, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

बता दे कि कनिष्का सोलंकी है। 16 वर्षीय कनिष्का ग्रेटर नोएडा के गगन पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं की छात्रा थी। इन दिनों स्कूल में हाफ ईयरली परीक्षाएं चल रही थीं। 22 दिसंबर, सोमवार को कनिष्का परीक्षा देने स्कूल गई थी। इस दौरान वह अपने साथ मोबाइल फोन लेकर गई थी। परीक्षा के दौरान एक टीचर ने कनिष्का के पास मोबाइल फोन देख लिया। और कनिष्का सोलंकी पर प्री-बोर्ड परीक्षा के दौरान ढ्ढ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के जरिए नकल करने का आरोप लगा कर टीचर ने उसे डांटा और परिजनों को स्कूल बुलाकर इसकी शिकायत की।

आरोप है कि शिक्षकों और प्रिंसिपल ने उसे सबके सामने अपमानित किया, उसका फोन जब्त किया और उस पर मानसिक दबाव बनाया।

अपनी बेटी की मौत छात्रा के बाद माता-पिता टूट चुके हैं। और पूरे मामले को लेकर बिसरख थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप सीधा स्कूल प्रशासन पर है कि उनकी बेटी को स्कूल में मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिससे वह गहरे तनाव में चली गई और अंततः यह खौफनाक कदम उठाने को मजबूर हुई। उन्होंने स्कूल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बेटी को सबके सामने दोषी ठहराया गया और उसका आत्मसम्मान तोड़ा गया। जिससे आहत हो कर उसने रात के 2ः15 बजे यह खौफनाक कदम उठा लिया।

वहीं गगन पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य पारुल सरदाना का कहना है कि जो भी आरोप लगाया जा रहे हैं। वह सरासर गलत है। किसी भी बच्चे का मानसिक उत्पीड़न नहीं किया जाता है। स्कूल में एग्जाम चल रहे थे, बच्ची उस दौरान फोन का इतेमाल कर रही थी। बहरहाल.. बिसरख पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिली है और जांच की जा रही है। स्कूल के अध्यापकों से पूछताछ की गई है और स्कूल के सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लिया गया है।

यह एनसीआर में हुई यह पहली घटना नही है, इससे पहले दिल्ली के एक नामी स्कूल की 9वीं कक्षा की छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी। माता-पिता का आरोप था कि दो शिक्षकों ने उसे फेल करने की धमकी दी थी और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया था। इस मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया था। लेकिन सबसे बड़ा सवाल—क्या हम अपने बच्चों को इतना मजबूत बना पा रहे हैं कि वे अपनी गलतियों को स्वीकार कर सकें, न कि उनसे डरकर जान दे दें।

# फुटपाथ पर मिला व्यक्ति का शव

## चोट के निशान नहीं, ठंड या शराब के सेवन से हुई मौत

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-12 में सड़क किनारे फुटपाथ पर एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर सेक्टर-24 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

प्राथमिक जांच में पुलिस ठंड और अत्यधिक शराब सेवन से मौत की आशंका जता रही है।

मृतक की पहचान देवेश यादव के रूप में हुई है, जो मूल रूप से कन्नौज का रहने वाला था। वह नोएडा के चौड़ा गांव में किराए का कमरा लेकर रह रहा था।

पुलिस के अनुसार, मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं पाए गए हैं।

### शराब और ठंड से मौत की आशंका

पुलिस का कहना है कि देवेश ने अधिक शराब पी रखी थी और संभवतः रात में बाहर फुटपाथ पर ही सो गया, जिससे ठंड के कारण उसकी मौत हो गई। इस मामले में अभी तक किसी प्रकार की शिकायत नहीं मिली है, लेकिन पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है।

डायल 112 को सेक्टर-12 में सड़क किनारे शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचना दे दी है।

### क्या है वायरल वीडियो?

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें फुटपाथ पर शव पड़ा दिखाई दे रहा है और पास की सड़क पर वाहनों का आवाजाही जारी है। वीडियो में एक राहगीर शव देखकर पुलिस को सूचना देता है।

पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद कुछ लोग वीडियो बनाने का प्रयास करते हैं, जिन्हें पुलिसकर्मी मना करते हुए दिखाई देते हैं। वीडियो में पुलिसकर्मी मृतक के परिजनों के आने की बात भी कहते हुए सुने जा सकते हैं।

# नोएडा में एपीके फाइल भेजकर 27 लाख ठगे

### मोबाइल फोन किया हैक, एसएमएस आने पर मिली जानकारी, साइबर सेल कर रहा जांच

**नोएडा।** साइबर ठगों ने ग्रेटर नोएडा के रहने वाले प्राइवेट कंपनी कार्यालय से सेवानिवृत्त कर्मी को लिंक भेजकर बैंक खाते से 27 लाख रुपए ठग लिए। ठगों ने मोबाइल हैक कर नौ बार में रकम को ट्रांसफर किया। रकम निकलने के मैसेज आने पर पीड़ित को ठगी का पता चला।

ग्रेटर नोएडा बीटा दो थाना क्षेत्र के रहने वाले रूकमेश शर्मा एक प्राइवेट कंपनी कार्यालय से सेवानिवृत्त कर्मी हैं। 21 दिसंबर को उनके मोबाइल के वाट्स अप पर एक लिंक संबंधी मैसेज आया। उन्होंने जल्दबाजी में लिंक खोला और मैसेज पढ़ा, लेकिन कुछ समझ में नहीं आया। शाम को मोबाइल पर खाते से रकम ट्रांसफर होने का पता चला।

उन्होंने जानकारी की तो पता चला कि वाट्स अप पर आए लिंक में एपीके फाइल थी।

यह ठगों की चाल थी। ठगों ने मोबाइल को हैक कर नेट बैंकिंग तक पहुंच बनाई। नौ बार 27 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। यह देखकर पीड़ित को धक्का लगा। उन्होंने तत्काल सिम को बंद कराया और बैंक खाते को फ्रीज कराया।

# नोएडा में रोजाना 300 टन कूड़े का होगा साइंटिफिक निवारण

## 8 जनवरी तक कंपनियां कर सकती है आवेदन, कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट लगेगा

**नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के पास सेक्टर-145 में जमा कूड़े के ढेर को कम करने का काम फरवरी 2026 से शुरू होगा। नोएडा प्राधिकरण ने इसके लिए नए सिरे से टेंडर जारी किया है।

इस योजना के तहत रोजाना 300 टन कूड़ा निवारण किया जाएगा। चयनित कंपनी को कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट लगाना होगा और वह 20 साल तक इसका संचालन करेगी।

नोएडा प्राधिकरण के जीएम एसपी सिंह ने बताया कि इच्छुक कंपनियां 8 जनवरी तक आवेदन कर सकती हैं। चयनित कंपनी को एक महीने के भीतर प्लांट स्थापित करना होगा। यह प्लांट अस्तौली या सेक्टर-145 में लगाया जाएगा। प्लांट के जरिए पहले से पड़े कूड़े और रोजाना डाले जाने वाले कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निवारण किया जाएगा। इस प्रक्रिया से बायो गैस और RDF (Refuse Derived Fuel) तैयार किया जाएगा।



एक्सप्रेसवे से पुश्तें की ओर जाते समय सेक्टर-145 में करीब सात लाख टन कूड़ा पड़ा हुआ है। पूरे शहर से कूड़ा एकत्रित कर सेक्टर-145 में डाला जाता है। यहां रोजाना कूड़ा आ रहा है लेकिन बीते कई महीनों से निवारण की प्रक्रिया नहीं हो रही है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि कूड़ा निवारण के लिए पहले भी टेंडर जारी किया गया था। कंपनियां आई थी लेकिन मानकों पर खरी नहीं उतरी।

### फरवरी में शुरू हो सकता काम

जनवरी महीने में कंपनी के चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। जो एजेंसी सबसे कम रेट देगी, उसको काम का जिम्मा दे दिया जाएगा। जिस एजेंसी का चयन किया जाएगा, उसे काम शुरू करने के लिए करीब एक महीने का समय दिया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि ऐसे में फरवरी 2026 से कूड़ा निवारण का काम शुरू करा दिया जाएगा।

# यमुना प्राधिकरण ने नीनजस इलेक्ट्रिक को दी जमीन

## सेक्टर-8डी में बनेगी ईवी और सोलर पावर यूनिट, 169 करोड़ का निवेश

**गौतम बुद्ध नगर।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने सेक्टर-8डी में नीनजस इलेक्ट्रिक को 20,000 वर्ग मीटर भूमि के लिए लेटर ऑफ इंटेंट जारी किया है। यह पहल 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम को गति देने के साथ-साथ देश में इलेक्ट्रिक वाहन इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है। इस नई साइट को नीनजस इलेक्ट्रिक अपने उन्नत ईवी तकनीक और नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण के विस्तार केंद्र के रूप में विकसित करेगी। परियोजना के तहत ऑनबोर्ड ईवी चार्जर्स और सोलर पावर बैंकों का बड़े पैमाने पर निर्माण किया जाएगा, जिससे उच्च क्षमता वाले पावर इलेक्ट्रॉनिक्स की घरेलू आपूर्ति श्रृंखला में मौजूद कमी को पूरा किया जा सकेगा। यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राकेश कुमार सिंह ने नीनजस इलेक्ट्रिक के प्रबंध निदेशक विनीत गुप्ता को औपचारिक रूप से एलओआई सौंपा। इस अवसर पर यीडा के एसीईओ शैलेंद्र भाटिया सहित नीनजस इलेक्ट्रिक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। सेक्टर-8डी में यह आवंटन नीनजस इलेक्ट्रिक के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना माना जा रहा है। कंपनी भारत की हरित ऊर्जा नीति के अनुरूप भारतीय परिस्थितियों के लिए विश्वस्तरीय ऑनबोर्ड चार्जर्स और सोलर पावर बैंक विकसित करेगी, जिससे आम लोगों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा।



परियोजना का रणनीतिक महत्व भी है। सेक्टर-8डी नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट उभरते ईवी क्लस्टर के केंद्र में स्थित है, जिससे कंपनी को बेहतर लॉजिस्टिक्स और विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। यह यूनिट दोपहिया, तिपहिया और लाइट कॉमर्शियल व्हीकल्स के लिए उच्च IP-रेटेड ऑनबोर्ड चार्जर्स और मॉर्डर्न सोलर पावर बैंक सिस्टम के निर्माण में विशेषज्ञता रखेगी। इस परियोजना से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और ग्रेटर नोएडा को हरित प्रौद्योगिकी के वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में और मजबूती मिलेगी।

YEIDA के सीईओ राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र को ईवी उद्योग के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत कंपनी द्वारा करीब 169 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

# अतिक्रमण हटाने के नोटिस चस्पा

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों ने शनिवार को सेक्टर-51 के सी,डी,ई ब्लॉक में सीवर ओवरफ्लो और अतिक्रमण की समस्या को लेकर दौरा किया। इस दौरान सेक्टर के-सी ब्लॉक में कुछ मकानों पर अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस चस्पा किए गए। इस दौरान आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने अधिकारियों को अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। आरडब्ल्यूए के महासचिव संजीव कुमार ने बताया कि सेकटर में सी ब्लॉक में लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। इसके साथ ही सेक्टर में सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा सेक्टर के लोगों को साफ-सफाई, पार्कों का विकास समेत तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।आरडब्ल्यूए की मांग पर प्राधिकरण अधिकारियों ने दौरान किया। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक राजकमल ने बताया कि सेक्टर के-सी ब्लॉक में कुछ मकानों पर अतिक्रमण हटाने का नोटिस लगाया गया है। नोटिस के माध्यम से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया है।

# साहब! मुझे पत्नी और उसके प्रेमी से जान का खतरा

### दनकौर कोतवाली में पहुंचा ऑटो चालक, शिकायत दर्ज; पुलिस जांच में जुटी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक ऑटो चालक ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पीड़ित पति शुक्रवार को कोतवाली पहुंचा और पुलिस को तहरीर देकर अपनी जान को खतरा बताया।

ऑटो चालक का कहना है कि उसकी पत्नी का प्रेमी उसे लगातार फोन कर जान से मारने की धमकी दे रहा है। डर के कारण वह पिछले कई दिनों से अपना ऑटो तक नहीं चला पा रहा है। पीड़ित ने पुलिस से पत्नी और उसके प्रेमी दोनों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि वह दनकौर क्षेत्र में ऑटो चलाकर अपने पांच बच्चों का पालन-पोषण करता है। उसकी शादी करीब 17 साल पहले हुई थी। उसकी पत्नी ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी में काम करती थी, जहां रबपुरा निवासी एक व्यक्ति से उसका प्रेम संबंध हो गया।

पीड़ित के अनुसार, कुछ महीने पहले जब उसे इस रिश्ते की जानकारी हुई तो उसने अपनी पत्नी को नौकरी पर जाने से रोक दिया। इसी बात को लेकर पत्नी और उसका प्रेमी उससे नाराज हैं और उसकी हत्या की साजिश रच रहे हैं।

पीड़ित ने आशंका जताई कि यदि पुलिस ने समय रहते कार्रवाई नहीं की तो दोनों उसकी जान ले सकते हैं। कोतवाली में वह रोते हुए एक पुलिसकर्मी से बोला- साहब, मुझे मेरी बीवी और उसके प्रेमी से बचा लीजिए, नहीं तो ये दोनों एक दिन मेरी हत्या कर देंगे।

दनकौर पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शार्ट न्यूज

## महिला के पेट से निकला आधा मीटर कपड़ा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में महिला के पेट से ऑपरेशन के दौरान आधा मीटर कपड़ा निकला। पेट में कपड़ा होने की वजह से महिला के पेट में पस पड़ गया था। इससे उसकी जान भी जा सकती है। दरअसल, महिला के पेट में लगातार दर्द बना रहता था। डेढ़ साल पहले उसकी बैक्सन अस्पताल डिलीवरी हुई थी, तभी से ये परेशानी हो गई थी। कई जगह जांचें कराईं, कई टेस्ट कराएं, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद कैलाश अस्पताल की डॉक्टर ने पेट में गांठ होने की बात कही और ऑपरेशन कराने की सलाह दी। महिला का जब ऑपरेशन हुआ, तो डॉक्टरों ने पेट के अंदर आधा मीटर का कपड़ा निकाला। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद महिला और उसके पति ने पुलिस और सीएमओ से इस मामले की शिकायत की। लेकिन, अस्पताल के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद महिला ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने अस्पताल के डॉक्टर और सीएमओ समेत 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर करने के निर्देश दिए हैं।

## केस वापस न लेने पर फायरिंग का आरोप

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित देवटा गांव में एक व्यक्ति ने अपने पड़ोसी पर गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि केस वापस न लेने के दबाव में पड़ोसी ने उसके घर के सामने फायरिंग की। इस संबंध में पीड़ित ने कोतवाली में पुलिस से शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ब्रह्म सिंह के अनुसार, उनका अपने पड़ोसी से पिछले लगभग दो वर्षों से विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते उन्होंने आरोपी के खिलाफ एक मामला दर्ज कराया था, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पक्ष लगातार केस वापस लेने का दबाव बना रहा था। जब पीड़ित ने केस वापस लेने से इनकार किया, तो बीती रात आरोपी ने उनके घर के सामने कथित तौर पर फायरिंग कर दी। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि, फायरिंग की आवाज सुनकर पीड़ित का परिवार और आसपास के लोग सहम गए। पीड़ित ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने घटना से संबंधित तस्वीरें भी पुलिस को सौंपी हैं। दनकौर कोतवाली पुलिस ने इस मामले पर बयान दिया है।

## टोल मांगने पर टोल कर्मियों पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के फलैदा कट टोल बूथ पर टोल कर्मचारियों पर हमला किया गया। आरोपियों ने टोल कर्मियों को पीटा और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में तीन नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यमुना एक्सप्रेसवे के जेवर टोल प्लाजा के वरिष्ठ प्रबंधक अनुज कुमार ने रबूपुरा पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को फलैदा टोल बूथ पर तैनात टोल कर्मचारी होशियार और धर्मेंद्र ने नोएडा जाने के लिए हाईवे पर चढ़ी एक कार के चालक से टोल मांगा था। टोल मांगने पर कार चालक और उसके साथियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद उन्होंने टोल कर्मचारियों पर हमला किया और मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए। घटना में घायल टोल कर्मियों को जेवर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गांव तीरथली निवासी मुकर्रम, जिशान और शाकीर समेत कुछ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## ग्रेटर नोएडा में युवक को बंधक बनाकर पीटा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में पिस्टल के बल पर एक व्यक्ति को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने एक पिता और उसके दो बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित को गंभीर चोटें आई हैं, जिसका ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस को दी शिकायत में दनकौर कोतवाली क्षेत्र के झालड़ा गांव निवासी चरण सिंह ने बताया कि बीते बुधवार की शाम वह अपने खेत पर गए थे। इसी दौरान जुनेदपुर गांव निवासी अनुज और मनोज नाम के दो भाइयों ने उन्हें पिस्टल दिखाकर जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया। आरोप है कि दोनों भाई चरण सिंह को अपने घर ले गए, जहां कमरे में बंद कर अपने पिता कर्मवीर के साथ मिलकर करीब तीन घंटे तक उनकी पिटाई की। जब चरण सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, तो आरोपी उन्हें गाड़ी में डालकर वापस उनके खेत पर छोड़ गए और मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन खेत पर पहुंचे और घायल चरण सिंह को ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## ग्रेटर नोएडा में युवक पर हमला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित बिलासपुर कस्बे में एक युवक पर हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। शनिवार को गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। फतेहखानी मोहल्ला निवासी सायरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शुक्रवार को उनके बेटे पर रंजिश के चलते हमला किया गया था। हमले में उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। सायरा के अनुसार, उनके बेटे पर दानिश, अलीम, नदीम और शाहरुख नाम के चार सगे भाइयों ने डंडों से हमला किया। घटना उस समय हुई, जब उनका बेटा दुकान से सामान लेकर घर लौट रहा था। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपी उनसे पुरानी रंजिश रखते थे, इसी वजह से इस वारदात को अंजाम दिया गया। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में आरोपी दानिश को शनिवार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर महिला ने इंजीनियर से 22 लाख रुपये ऐंठे

**नोएडा।** शेयर मार्केट, नामी कंपनियों और आईपीओ में निवेश कर प्रतिमाह लाखों रुपये कमाने का झांसा देकर ठग महिला ने एक इंजीनियर के साथ 22 लाख रुपये की ठगी की। करीब पांच बार में पीड़ित से रकम निवेश करवाई गई। इंजीनियर ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की। अज्ञात ठगों के खिलाफ इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। थाने में दी शिकायत में ग्रेटर नोएडा के सीआरसी सब्लिमिस सोसाइटी निवासी अर्पित कुमार गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में वह एक निजी कंपनी में बतौर इंजीनियर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अर्पित को शेयर मार्केट की अच्छी समझ है।बीते माह पांच नवंबर को अर्पित के पास टेलीग्राम एप्लीकेशन के एक आईडी से मैसेज आया। मैसेज करने वाली महिला ने अपना नाम सानवी बताया। अर्पित और महिला के बीच इसके बाद टेलीग्राम पर ही बातचीत होने लगी। फिर मोबाइल नंबर का आदान प्रदान किया गया। करीब एक सप्ताह बात करने के बाद महिला ने अर्पित से कहा कि वह शेयर बाजार और ट्रेडिंग में निवेश कर लाखों रुपये प्रतिमाह घर बैठे ही कमा रही है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से तीन वाहन क्षतिग्रस्त

**नोएडा।** सेक्टर-12 में बच्चे के चाबी घुमाने से स्टार्ट हुआ ट्रैक्टर तीन वाहनों से टकरा गया। एक मोटरसाइकिल और दो कार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है। घटना का आठ सेकेंड का एक वीडियो भी सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ है। इसमें दिख रहा है कि ट्रैक्टर का अगला हिस्सा सामने खड़ी कार से सटा हुआ है। आसपास लोग जमा हैं। पुलिस ने बताया कि सेक्टर 12 के एन ब्लाक में राकेश का मकान का बन रहा है।उन्होंने शनिवार दोपहर 11 बजे अपने चार साल के बच्चे को घर के सामने खड़े ट्रैक्टर पर बैठा दिया। बच्चे ने गलती से ट्रैक्टर में लगी चाबी को घुमा दिया। एकाएक ट्रैक्टर चल पड़ा। आगे खड़ी राकेश की बाइक सबसे पहले ट्रैक्टर की चपेट में आई। इसके बाद ट्रैक्टर ने दो अन्य कारों में टक्कर मारी। तीनों वाहन खड़े थे और उसमें कोई घटना के समय सवार नहीं था। कार से टकराकर ट्रैक्टर बंद हो गया। इसके बाद ट्रैक्टर की सीट पर बैठे बच्चे को नीचे उतारा गया और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई।

# किर्गिस्तान में फंसे पीलीभीत के 12 लोगों में से 9 सुरक्षित पहुंचे

**पीलीभीत।** किर्गिस्तान में फंसे पीलीभीत जनपद के 12 लोगों में से 9 लोगों की सकुशल भारत वापसी हो गई है। रविवार सुबह सभी नौ लोग बरेली पहुंचे। शेष तीन लोगों को भी 30 दिसंबर से पहले भारत लाने का भरोसा दिलाया गया है। इस पूरे मामले में केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद की सक्रिय भूमिका रही, जिनके हस्तक्षेप से यह संभव हो सका ।किसान नेता देव स्वरूप पटेल, केंद्रीय राज्य मंत्री के संदेशवाहक के रूप में रविवार तड़के बरेली पहुंचकर किर्गिस्तान से लौटे सभी लोगों से मिले और उनका हालचाल जाना।

उन्होंने बताया कि शेष तीन लोगों की घर वापसी पूरी होने के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय, पीलीभीत में सभी का सम्मान एवं स्वागत किया जाएगा।

### 10 दिसंबर को सामने आया था मामला

बताया गया कि किर्गिस्तान में पीलीभीत के 12 लोग फंसे होने की जानकारी 10 दिसंबर को सामने आई थी। इसके बाद किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने पीलीभीत के अलग-अलग गांवों में रह रहे पीड़ितों के परिजनों से संपर्क किया और उन्हें यशवंत्री देवी मंदिर पर एकत्र कराकर उनकी पीड़ा को एक प्रार्थना पत्र के माध्यम से सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद तक व्हाट्सएप से पहुंचाया ।मामले को गंभीरता से लेते हुए 12 दिसंबर को केंद्रीय राज्य मंत्री ने भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, किसान नेता देव स्वरूप पटेल सहित परिजनों को दिल्ली बुलाकर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में उनसे वार्ता की। इसके बाद किर्गिस्तान के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से बातचीत कर सभी 12 लोगों की सुरक्षित वापसी के निर्देश दिए गए।



### 24 से 30 दिसंबर के बीच वापसी का आश्वासन

परिजनों को उसी दिन जानकारी दे दी गई थी कि 24 से 30 दिसंबर के बीच सभी लोग अपने घर लौट आएंगे। निर्देश मिलने के बाद किर्गिस्तान के अधिकारियों ने 22 दिसंबर को सभी के वीजा उपलब्ध करा दिए।24 दिसंबर को नौ लोगों के भारत आने के टिकट कराए गए, जो 26 दिसंबर को सुबह मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से ट्रेन द्वारा दिल्ली और मथुरा होते हुए 27 दिसंबर की सुबह बरेली पहुंचे ।किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने बताया कि ग्राम जिरोनिया के मजरा सेमर गोटिया निवासी हरिशंकर, ग्राम भूड़ा पिपरिया निवासी रामासरे और ग्राम बैजू नगर निवासी श्यामचरन के टिकट अभी नहीं हो सके हैं, हालांकि उनके वीजा उपलब्ध करा दिए गए हैं। इन्हें भी शीघ्र भारत लाने के लिए 26 दिसंबर को दोबारा किर्गिस्तान के अधिकारियों से वार्ता की गई, जिसमें 30 दिसंबर तक इनकी भारत वापसी का आश्वासन दिया गया है।

### विदेश न जाने की अपील, ठगी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

किर्गिस्तान से लौटे सभी नौ लोगों ने किसान नेता देव स्वरूप पटेल के माध्यम से केंद्रीय राज्य मंत्री, देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और भाजपा संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अब किसी भी व्यक्ति को निजी एजेंटों के झांसे में आकर विदेश नहीं जाना चाहिए। यदि विदेश जाना भी हो तो केवल सरकारी नियमों और विदेश मंत्रालय के माध्यम से ही जाएं। वापस लौटे लोगों ने बताया कि वे सभी गरीब परिवारों से हैं और उन्होंने पीलीभीत में किराए पर रहने वाले विजय चौधरी एवं उसकी पत्नी को उनकी फर्म के खातों में और नगद मिलाकर प्रति व्यक्ति करीब पांच-पांच लाख रुपये दिए थे। जमीन और घर गिरवी रखकर लोन लेकर यह राशि दी गई, लेकिन बाद में ठगी का शिकार हो गए। पीड़ितों ने लगभग एक करोड़ रुपये की ठगी के मामले में जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और धन वापसी की मांग की है।

किसान नेता देव स्वरूप पटेल ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के युवाओं को विदेश जाने की मजबूरी न हो, इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के तहत स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं।

## शार्ट न्यूज

### मनरेगा का नाम विकसित भारत जी राम जी होने पर गांवों में लगाई चौपाल



**पीलीभीत।** बरखेड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत सचिव रमावीर गंगवार द्वारा शासन के निर्देशानुसार जन जागरुकता अभियान चलाते हुए मनरेगा का नाम वदले जाने संबंधी जानकारी दी साथ ही योजना की विस्तृत जानकारी भी लोगों को दी गई ।भारत सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलकर विकसित भारत रोजगार गारंटी आजिविका मिशन कर दिया गया है जिसको लेकर शासन द्वारा जन-जागरूकता अभियान हेतू समस्त जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित कर ग्राम चौपाल लगवाने के निर्देश दिए गए थे ।इसी क्रम में सचिव रमावीर गंगवार ने अपनी ग्राम पंचायत दियोराजपुर, रामनगर जगतपुर,बढ़ेपुरा कुसमा आदि में लोगों को जागरूक किया और नई रोजगार गारंटी योजना के वारे में अवगत कराया।

### घरेलू विवाद में दो भाईयों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** घरेलू विवाद को लेकर एक भाई ने अपने बेटे के साथ मिलकर दूसरे भाई उसके बेटे पत्नी से मारपीट की पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव बढ़ैरा निवासी लेखराज पुत्र दुर्जन लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसके भाई तौले राम ने घर के विवाद को लेकर घर में घुसकर गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर अपने बेटे शिवकुमार के साथ मिलकर मारपीट करने लगे बचाने आए बेटे यशपाल व पत्नी कांती देवी से भी मारपीट की शोर शराबा सुनकर पड़ोसी लोगों ने आकर बीच-बचाव किया पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तौले राम व उनके बेटे शिवकुमार निवासी ग्राम बढ़ैरा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। एस ओ गौतम सिंह ने बताया कि मारपीट की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

### बॉलीवुड नाइट के कलाकारों को किया सम्मानित

**आजमगढ़।** आजमगढ़ महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को बॉलीवुड नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं शनिवार दिन में श्री मिलेट्स प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता भी की थी। एक दिन पूर्व आजमगढ़ महोत्सव में काव्य पाठ का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में काव्य पाठ करने वाले कवियों ने अपनी सहभागिता की थी। शुक्रवार को आजमगढ़ महोत्सव में कवि सर्वेश अस्थाना डॉक्टर सुनील जोगी शंभू शिखर प्रियांशु गजेंद्र नीलोत्पल मृणाल मणिका दुबे और विकास बौखल ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी। जहां मध्य प्रदेश से आई मनिका दुबे ने नहीं करता मिलन का मन तुम्हारा मुझे ही क्यों भला बेताबियां हैं जैसे एक से बढ़कर एक काव्य पाठ के माध्यम से जनता का मनोरंजन किया। वहीं नीलोत्पल ने कहां गया मेरा हो दिल तो सलोना रे जैसे गानों पर शानदार प्रस्तुति दी। हास्य कवि सर्वेश अस्थाना ने अपने काव्य पाठ के माध्यम से सिस्टम सरकार और पुलिस कर्मियों पर जमकर व्यंग्य किया।

### 50 रुपये के विवाद में बॉडीबिल्डर की हत्या

**गोरखपुर।** गोरखपुर के सहजनवां थाना क्षेत्र के जोगियाकोल गांव के पास 24 दिसंबर को कारपेंटर विशाल यादव की हत्या बिहार के 4 युवकों ने शराब के रुपयों के विवाद में की थी। पुलिस ने चारों आरोपियों पप्पू, राजू, मंगल और बबलू को शनिवार को क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पप्पू, राजू और मंगल सगे भाई हैं। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं, हिरासत में ली गई युवती और उसके परिजनों को थाने से छोड़ दिया गया। इस घटना के बाद सोशल मीडिया पर विशाल के दोस्तों ने 100 से अधिक पोस्ट की है। दोस्तों ने लिखा है कि आरोपियों ने धोखें से विशाल की हत्या की। उन्हें सख्त से सख्त सजा मिले। दोस्तों ने विशाल की पुरानी फोटो भी शेयर की है। एसपी नार्थ ज्ञानेंद्र प्रसाद ने बताया, कारपेंटर की हत्या में बिहार के अतरी तपोवन टटारू निवासी पप्पू मांझी, उसके भाई राजू मांझी और मंगल मांझी व एक अन्य वजीरगंज मरड्डी निवासी बबलू मांझी शामिल थे।

### नाइजीरियाई नागरिक की जमानत राशि घटाई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कोकेन के साथ पकड़े गए नाइजीरियाई नागरिक लेवी उजोचुक्कू की जमानत राशि घटा दी है। उससे घटी जमानत राशि लेकर रिहा करने का आदेश दिया है। आरोपी की जमानत अर्जी 7 नवंबर को मंजूर की गई थी। उसकी तरफ से कहा गया कि वह यह राशि चुका पाने में असमर्थ है। न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की एकलपीठ ने यह राहत दी है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पाया है कि विशेष न्यायाधीश द्वारा जमानत के लिए तय की गई तीन लाख रुपए की राशि अत्यधिक है। कोर्ट ने इसे डेढ़ लाख रुपए कर दिया है। कोर्ट कहा- इसे वह नकद जमा करेगा और जमानत पर रिहा होने से पहले समान राशि का बंधपत्र निष्पादित करेगा। संबंधित अदालत के समक्ष उपरोक्त राशि जमा करने के अलावा, आवेदक मुकदमा चलने के दौरान हर दूसरे महीने के पहले सप्ताह में पुलिस स्टेशन- बीटा-2, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर में उपस्थिति दर्ज कराएगा और यदि पासपोर्ट पहले से ही ट्रायल कोर्ट के सामने समर्पण नहीं किया गया है तो जमानत पर रिहा होने से पहले इसे समर्पण किया जाएगा।

### वाराणसी के रमना गांव के दिखा तेंदुआ

**वाराणसी।** वाराणसी के लंका थाना क्षेत्र के रमना गांव में तेंदुआ आने की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के क्षेत्रीय उप निरीक्षक राहुल कुमार बलवंत ग्रामीण और वन विभाग की टीम के साथ पूरे रात तक रमना गांव में गस्त करके तेंदुए की तलाश किया। लेकिन तेंदुए का कहीं कोई पता नहीं चला। वन विभाग की एक्सपर्ट टीम मौके पर पहुंची थी तेंदुए के पंजे जैसा निशान था उसे जांच के लिए ले गए। वन विभाग के उपनिरीक्षक राहुल कुमार बलवंत का कहना है कि एक्सपर्ट टीम द्वारा ली गई रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा कि कौन जानवर है। रमना के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमित पटेल ने बताया कि गांव का एक युवक दूध बेचकर वापस लौट रहा था। उसे देखकर तेंदुआ तेजी से भाग गया। तेंदुआ आने से ग्रामीणों में भय माहौल बन गया है।

# कोहरे का कहर : मौत के मुंह से निकले चार युवक शारदा नदी में गिरी कार

## कल्पवासी साधुओं और माझी की सूझबूझ से बची जान

**पीलीभीत।** जनपद के पूरनपुर क्षेत्र में शुक्रवार देर रात घने कोहरे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा की हकीकत सामने रख दी। शारदा पार जाने के दौरान कोहरे की चादर इतनी घनी थी कि खटीमा से आ रही एक कार चालक की नजरों से रास्ता ओझल हो गया और देखते ही देखते कार फिसलकर शारदा नदी में जा गिरी। कुछ पल के भीतर ही मौत सामने खड़ी थी, लेकिन साहस, सूझबूझ और इंसानियत ने चार जिंदगियों को बचा लिया। नदी में गिरते ही कार में सवार अर्जुन गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आदित्य वर्मा और अनंत रघुवंशी (सभी निवासी संपूर्णनगर, लखीमपुर खीरी) ने हिम्मत नहीं हारी। गाड़ी में भरते पानी के बीच किसी तरह शीशे खोलकर बाहर निकले और डूबती कार की छत पर चढ़कर मदद के लिए चीखने लगे। अंधेरी रात, ठंडा पानी और चारों ओर पसरा सन्नाटा—करीब आधे घंटे तक चारों युवक जिंदगी और मौत के बीच झूलते रहे।

नदी किनारे दुकान चला रहे पप्पू (निवासी चंदिया हजारा) के कानों में जब मदद की आवाज पड़ी, तो उन्होंने पल भर भी देर नहीं की। उन्होंने तुरंत नदी किनारे कल्पवास कर रहे साधुओं को सूचना दी। मौके पर पहुंचे बाबा राघवदास ने स्थिति की गंभीरता समझते हुए घाट पर रहने वाले बबलू माझी को बुलाया। इसके बाद अंधेरे और ठंड के बीच मानवीय साहस की एक मिसाल कायम हुई। लंबे बांसों की मदद से बबलू माझी और साधुओं ने एक-एक कर चारों युवकों को नदी से बाहर निकाला। ठंडे पानी में भीग चुके युवक बुरी तरह कांप रहे थे। साधुओं ने तुरंत आग जलाई, गर्माहट दी और उन्हें संभाला। कुछ ही देर में युवकों की सांसें सामान्य हुईं और चेहरे पर जीवन लौट आया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। हजारा थाना प्रभारी शरद यादव ने बताया कि सभी युवक सुरक्षित हैं और उन्हें उनके घर भिजवा दिया गया है। अंधेरा और तेज बहाव होने के कारण रात में कार को नदी से बाहर नहीं निकाला जा सका। शनिवार सुबह लोगों की भीड़ नदी किनारे जमा हो गई और पुलिस ने कार निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इस हादसे ने एक बार फिर दिखा दिया कि कोहरे में जरा सी लापरवाही जानलेवा बन सकती है। साथ ही यह भी साबित हुआ कि जब इंसानियत जागती है, तो मौत भी हार मान लेती है। कल्पवासी साधुओं और माझी की तत्परता ने चार परिवारों की खुशियां लौटा दीं यह घटना लंबे समय तक याद की जाएगी।

### सहारनपुर में सेना की फायरिंग रेंज में हादसा

**सहारनपुर।** सहारनपुर की सेना की फायरिंग रेंज में अभ्यास के दौरान बड़ा हादसा हो गया, जिसमें सेना के 4 जवान घायल हो गए। हादसे के बाद रेंज में अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तुरंत एम्बुलेंस से बेहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया, जहां सभी को प्राथमिक उपचार दिया गया। डॉक्टरों ने 2 जवानों की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, अन्य 2 जवानों का इलाज बेहट सीएचसी में ही जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, दोनों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही सेना के अधिकारियों के साथ स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और तुरंत राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। हादसे की गंभीरता को देखते हुए जिला अस्पताल की इमरजेंसी वॉर्ड में अधिक डॉक्टर और स्टाफ तैनात कर दिए गए हैं, जिससे घायलों को समय पर बेहतर इलाज किया जा सके।

# साइबर क्राइम रोकथाम के लिए चलाया जागरूकता अभियान



**ललितपुर ।** नाराहट पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के खिलाफ साइबर क्राइम सेल ने जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, जनपद ललितपुर के साइबर क्राइम सेल, थाना नाराहट पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में जनता के लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया गया तथा साइबर क्राइम से बचाव हेतु उपाय बताया गया । जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई। डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया । किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें । किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते ।

### अलीगढ़ में ढाई लाख के लिए डबल मर्डर

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में जुए में हारे ढाई लाख रुपये के लिए दोस्त ने होटल संचालक और उसके साथी की गोली मारकर हत्या कर दी। थार गाड़ी खरीदने के बहाने होटल संचालक को महरावल पुल पर बुलाया। वहां पर दोनों कार में सवार हो गए। होटल संचालक कार चला रहा था और आगे की सीट पर उसका साथी बैठा था। कुछ दूरी तय करने के बाद आरोपी धर्मेंद्र ने कार रोकी और पहले बॉबी को तीन गोलियां मार दीं। राज खुलने के डर से धर्मेंद्र ने मोहित की भी गोली मारकर हत्या कर दी। इस दोहरे हत्याकांड का खुलासा शनिवार को एसएसपी नीरज कुमार जादौन ने पुलिस लाइन में किया। पुलिस ने बताया- बन्नादेवी क्षेत्र के गांव ताजपुर रसूलपुर के निवासी होटल संचालक बॉबी जुए का आदी था। इसी कारण उसका संपर्क धर्मेंद्र उर्फ धलुआ से हो गया। धर्मेंद्र पुत्र ओमप्रकाश थाना लोधा क्षेत्र के गांव जिरौली डोर का रहने वाला है और वह भी जुआ खेलता था। जुए में धर्मेंद्र बॉबी से लगभग ढाई लाख रुपए हार गए। इसके बाद बॉबी लगातार धर्मेंद्र से पैसे लौटाने का दबाव बनाता रहा। धर्मेंद्र के पास एक कार थी। उसने बॉबी से वह कार बिकवाने को कहा। बॉबी ने डेढ़ लाख रुपए में कार बेचवा दी, लेकिन पैसे धर्मेंद्र को देने के बजाय खुद रख लिए। इसके बाद धर्मेंद्र ने बाकी बचे लगभग एक लाख रुपए की भी मांगने लगा। लगातार दबाव और परेशान होने के कारण धर्मेंद्र ने बॉबी की हत्या की साजिश रच डाली। योजना के तहत धर्मेंद्र ने बॉबी से कहा कि वह उसे थार गाड़ी दिलवा दे, गाड़ी मिलते ही वह पूरे पैसे चुका देगा।

# महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**ललितपुर ।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सख्त हिदायत दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। 112 - आपातकालीन सेवा 1090 / 1091 महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 महिला हेल्पलाइन 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन टीम ने उपस्थित जनसमूह को यह भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर ठगी की सूचना तुरंत देने पर पुलिस पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगी। नारी की सुरक्षा केवल जिम्मेदारी नहीं, ललितपुर पुलिस का संकल्प है। जनपद ललितपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि हर महिला स्वयं को सुरक्षित, जागरूक और सशक्त महसूस कर सके।



# जिले में एसआईआर अभियान की सफलता देख स्पेशल रोल ऑब्जर्वर ने की जिलाधिकारी की प्रसंशा

### बोले ऑब्जर्वर-धरातल पर दिख रही है जिला प्रशासन और राजनैतिक दलों की मेहनत

**ललितपुर।** जेवीएन सुब्रमण्डयम, आईएएस, (संयुक्त सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय)/विशेष रोल प्रेक्षक ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के साथ आज शनिवार को कलैक्ट्रेट सभागार में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सम्बंध में समीक्षा बैठक की और जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से एसआईआर कार्य का फीडबैक लिया। इसके साथ ही उन्होंने नगरीय व ग्रामीण पोलिंग बूथों पर जाकर बीएलओ एवं सुपरवाईजरों से एएसडी मतदाताओं की मैपिंग की प्रगति का जायजा भी लिया। स्पेशल रोल ऑब्जर्वर ने जनपद में कराये जा रहे एसआईआर अभियान की सफलता देखकर जिलाधिकारी सहित उनकी पूरी प्रशासनिक टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिला प्रशासन और राजनैतिक दलों ने मिलकर बहुत अच्छा कार्य किया है, उनकी मेहनत धरातल पर भी दिख रही है। आगे भी इसी सामन्जस्य के साथ कार्य करें। उन्होंने राजनैतिक दलों से अपील की कि वे जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी गई एएसडी सूची में मतदाताओं की मैपिंग में सहयोग करें। उन्होंने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी भी वैध मतदाता का नाम सूची से नहीं काटा जाएगा, एएसडी के जो भी मतदाता हैं, उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा, मतदाताओं को इस नोटिस से डरने की जरुरत नहीं है, आयोग द्वारा निर्धारित 13 दस्तावेजों में से एक पर सूचना उपलब्ध करायेंगे तो उनका नाम सूची में शामिल कर लिया जाएगा। ड्राफ्ट पब्लिकेशन के बाद भी यदि कोई मतदाता छूट जाता है तो उनका फार्म-6 भरवाकर सूची में शामिल कर लिया जाएगा। बैठक में समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने रोल प्रेक्षक महोदय को अपना-अपना परिचरय दिया और एसआईआर के प्रति जिलाधिकारी और उनकी टीम की प्रशंसा करते हुए अपने-अपने सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा कड़ी मेहनत के साथ जिले में एसआईआर कराया जा रहा है, जिससे वे सभी संतुष्ट हैं। जिलाधिकारी ने स्पेशल रोल आब्जर्वर को अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनपरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सम्बंध में जनपद के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 6 बार बैठक की जा चुकी है, साथ ही एएसडी मतदाताओं का डाटा पेनड्राइव में उपलब्ध कराया जा चुका है।



# विटामिन-ए की खुराक बच्चों को जरूर पिलाएं

**ललितपुर ।** जिला चिकित्सालय स्थित प्रसवोत्तर केंद्र में रोशनी खान (लाभार्थी की मां) ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद की उपस्थिति में फीता काटकर विटामिन-ए सम्पूर्णन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि 27 दिसंबर से 24 जनवरी तक विटामिन ए सम्पूर्णन कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चो को विटामिन ए की खुराक से आच्छादित किया जायेगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों में विटामिन ए की कमी को दूर करना है, ताकि वे स्वस्थ रहें, उनकी आंखों की रोशनी बनी रहे और शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़े। विटामिन ए की कमी से बच्चों को रतौंधी (रात में ठीक से न दिखना), बार-बार सर्दी-जुकाम या संक्रमण होना जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। इसलिए हर बच्चे को समय पर विटामिन ए की खुराक देना जरूरी है। इस कार्यक्रम के तहत 9 महीने से 5 साल तक के सभी बच्चों को विटामिन ए ड्रॉप दी जाती है। पहली खुराक बच्चे को 9 महीने की उम्र में मीज़ल्स के टीके के साथ दी जाती है।



# 5.70 करोड़ की ठगी करने वाले 8 साइबर ठग अरेस्ट

**कानपुर।** क्राइम ब्रांच ने अंतर्राष्ट्रीय साइबर ठगों के गैंग का राजफाश करते हुए साइबर ठगी गैंग के सरगना समेत 8 ठगों को गिरफ्तार किया है। गैंग के ठग पुराना कानपुर सेंट्रल स्टेशन रोड, लोको कालोनी क्षेत्र में एक कार में बैठकर साइबर अपराध से संबंधित गतिविधियां का प्लान बना रहे थे। पुलिस को जानकारी मिलने पर टीम ने घेराबंदी कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था आशुतोष कुमार ने बताया कि इस गैंग का लीडर फतेहपुर का रहने वाला शिवम पटेल है, जिसके इंडोनेशिया में बात करने के वीडियो भी मिले हैं। उन्होंने बताया कि डा. प्रवीण सारस्वत ने 5.70 करोड़ की साइबर ठगी का मुकदमा दर्ज कराया था। क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में आए आरोपियों के बैंक खातों में 55.44 लाख रुपये फ्रीज कराए गए हैं।

### इस तरह से देते थे वारदात को अंजाम

शेयर मार्केट एवं आइपीओ में ज्यादा मुनाफे दिलाने का झांसा देकर साइबर ठग क्रिमिनल्स ने पीड़ित को लांच क्लब एच-49 नामक वाट्सएप ग्रुप में जोड़ा, जिसमें शेयर ट्रेडिंग से जुड़े टिप्स और विश्लेषण शेयर किए जाते थे। ग्रुप में शामिल लोग खुद को सेबी से रजिस्टर्ड कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए निवेश के लिए कहते थे।

साइबर ठगों के भेजे गए लिंक के माध्यम से एक फर्जी ट्रेडिंग एप वेंच्यूरा ग्लोबल डाउनलोड कराया जाता था, जिसमें एप पर मुनाफा दिखाकर व कुछ रकम निकलवा कर विश्वास जीत लिया जाता था इसके बाद ग्रुप के सदस्य ज्यादा से ज्यादा निवेश करने का दबाव बनाते है।

जिसके बाद पीड़ित से अपने बैंक खातों से अलग-अलग तारीख में करोड़ों रुपये निवेश करा दिए। शहर के डाक्टरों के साथ इसी पैटर्न पर निवेश कराया गया। आरोपियों ने यह कहकर भय पैदा किया कि एक कथित व्यक्ति की इनसाइडर ट्रेडिंग में गिरफ्तारी हुई है। सभी खातों पर 20 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया है। खाते अनफ्रीज कराने के लिए अतिरिक्त राशि की मांग की गई। जिसके बाद डाक्टरों को अपने साथ हुई ठगी का पता चला।

## संक्षिप्त समाचार

### किलिमंजारो पर बचाव मिशन के दौरान हेलिकॉप्टर हादसे में पांच मरे

**माउंट किलिमंजारो, एजेंसी।** तंजानिया के माउंट किलिमंजारो पर एक बचाव मिशन के दौरान हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई। यह हादसा बुधवार शाम को पर्वत के लोकप्रिय ट्रेकिंग मार्ग पर, बाराफू कैंप और कीबो शिखर के बीच 4,000 मीटर से अधिक ऊंचाई पर हुआ। पुलिस के अनुसार, हेलिकॉप्टर मेडिकल इवैक्यूएशन मिशन पर था और उसमें दो विदेशी मरीज, एक स्थानीय डॉक्टर, एक टूर गाइड और पायलट सवार थे। हेलिकॉप्टर किलिमंजारो एविएशन कंपनी का था। हादसे के कारणों की जांच जारी है।

### लेबनान में ईरानी कुद्स फोर्स का मुख्य कमांडर ढेर

**लेबनान, एजेंसी।** इस्राइली सेना ने लेबनान में एक सैन्य अभियान के दौरान ईरान की कुद्स फोर्स के एक प्रमुख सदस्य को मार गिराया है। मारा गया व्यक्ति हुसैन महमूद मार्शद अल–जौहरी था, जो कुद्स फोर्स की यूनिट 840 का महत्वपूर्ण गुर्गा था। इस्राइली सेना का आरोप है कि अल–जौहरी सीरिया और लेबनान के रास्ते इजरायल पर हमलों की साजिश रचने और आतंकी गतिविधियों के संचालन में शामिल था। सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि अल–जौहरी ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के निर्देश पर इस्राइल की सुरक्षा के खिलाफ काम कर रहा था। उसे लेबनान के अंसारीह इलाके में निशाना बनाया गया। हालांकि, इस हमले के विस्तृत विवरण साझा नहीं किए गए हैं। गौरतलब है कि नवंबर 2024 में अमेरिका की मध्यस्थता से हुए युद्धविराम के बावजूद इस्राइल लेबनान में लगातार हमले कर रहा है। इस्राइल का कहना है कि वह ईरान समर्थित समूह हिजबुल्लाह को दोबारा संगठित होने से रोकने के लिए ये कार्रवाई कर रहा है।

### पाकिस्तान : सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई में 10 विद्रोही ढेर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांतों में सुरक्षा बलों ने अलग–अलग ऑपरेशनों में 10 विद्रोहियों को मार गिराया। सेना के अनुसार, बुधवार को डेरा इस्माइल खान के कुलाची इलाके में हुई कार्रवाई में आतंकी सरगना दिलावर समेत दो विद्रोही मारे गए। दिलावर पर सरकार ने 40 लाख पाकिस्तानी रुपये का इनाम रखा था। वह सुरक्षा बलों और नागरिकों पर हमलों का मुख्य आरोपी था। एक अन्य अभियान में बलूचिस्तान के कलात जिले में आठ विद्रोहियों को ढेर किया गया। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद हुए हैं। इसी महीने कलात में एक अन्य ऑपरेशन में भी 12 विद्रोही मारे गए थे। गौरतलब है कि, वैश्विक आतंकवाद सूचकांक 2025 में पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है और यहां पिछले साल की तुलना में विद्रोही हमलों में मरने वालों की संख्या 45 फीसदी बढ़ी है।

### सरोजिनी पद्मनाथन के पास मंदिरों की कमान, हिंदू बोर्ड में भारतीय संस्कृति के प्रबंधन के लिए नियुक्ति

**सिंगापुर, एजेंसी।** प्रमुख हिंदू मंदिरों का प्रबंधन करने वाली सिंगापुर में वैधानिक संस्था, हिंदू एंडावमेंट्स बोर्ड



(एचईबी) ने जन सेवा को समर्पित एक नेता को अपना नया मुख्य कार्यकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। सरोजिनी पद्मनाथन को एचईबी का सीईओ नियुक्त किया गया। अपने 40 वर्षों के करियर में उन्होंने 1990 के दशक में अस्पतालों के पुनर्गठन और कोविड–19 महामारी के दौरान संगठनात्मक मजबूती बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। सरोजिनी पद्मनाथन ने स्वास्थ्य मंत्रालय और हेल्थ साइंसेज अथॉरिटी में वरिष्ठ पदों पर कार्य किया, जहां उन्होंने चिकित्सा, नर्सिंग और प्रशासनिक क्षेत्रों में कार्यबल विकास का नेतृत्व किया। स्थानीय अखबारों के मुताबिक, 57 वर्षीय पद्मनाथन इससे पहले एचईबी की वित्त सदस्य रह चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने वित्तीय प्रशासन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया और बोर्ड के संचालन से गहरे से जुड़ी रहीं। हिंदू एंडावमेंट्स बोर्ड सिंगापुर के प्रमुख हिंदू मंदिरों (श्री मरिअम्मन और श्री शिवन जैसे मंदिरों) का प्रबंधन करता है। इसके अलावा, यह संस्कृति, समुदाय और युवा मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय समुदाय के लिए सांस्कृतिक, धार्मिक और परोपकारी कार्यक्रमों की भी देखरेख भी करता है। पद्मनाथन ने चिकित्सा, नर्सिंग और प्रशासनिक क्षेत्रों में मानव संसाधन विकास का नेतृत्व किया और स्वास्थ्य प्रणाली को अधिक सुदृढ़ बनाने में योगदान दिया।

# अमेरिका की नाइजीरिया में आईएसआईएस के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक

## ट्रम्प बोले– मारे गए आतंकियों को क्रिसमस की बधाई, ये ईसाइयों की हत्या कर रहे

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका ने गुरुवार रात नाइजीरिया में आतंकी संगठन आईएसआईएस के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। ट्रम्प का आरोप है कि यहां आईएसआईएस ईसाइयों को निशाना बनाकर बेरहमी से हत्या कर रहा है।

उन्होंने आईएसआईएस आतंकियों को 'आतंकी कचरा' बताते हुए लिखा कि यह संगठन लंबे समय से निर्दोष ईसाइयों की हत्या कर रहा है। ट्रम्प के मुताबिक इस ऑपरेशन में अमेरिकी सेना ने कई परफेक्ट स्ट्राइक कीं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ किया कि अमेरिका 'कट्टर इस्लामी आतंकवाद को पनपने नहीं देगा।' पोस्ट के अंत में ट्रम्प ने लिखा- सभी को क्रिसमस की बधाई, मारे गए आतंकियों को भी। अगर ईसाइयों की हत्याएं जारी रहीं, तो आगे और भी आतंकी मारे जाएंगे।

**ट्रम्प बोले- ऐसी कार्रवाई सिर्फ अमेरिका कर सकता है :** ट्रम्प ने रक्षा मंत्रालय को 'डिपार्टमेंट ऑफ वॉर' कहते हुए सेना की तारीफ की और कहा कि ऐसी सटीक कार्रवाई सिर्फ अमेरिका ही कर सकता है। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर सिविल लिबर्टीज एंड द रूल ऑफ लॉ की एक रिपोर्ट के अनुसार, नाइजीरिया में जनवरी से 10 अगस्त तक धार्मिक हिंसा बढ़ने के कारण 7,000 से ज्यादा ईसाइयों



की हत्या कर दी गई है। इन हत्याओं के लिए बोको हरम और फुलानी जैसे आतंकी संगठन जिम्मेदार हैं।

**टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों से हमला किया गया :** अमेरिकी रक्षा विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक, ये हमले नौसेना के एक जहाज से दागी गई दर्जन से ज्यादा टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों से किए गए। गिनी की खाड़ी से दागी गई ये मिसाइलें नाइजीरिया के सोकोतो राज्य में आईएसआईएस के दो ठिकानों पर गिरीं। यह इलाका नाइजर सीमा के पास है, जहां आईएसआईएस-सहेल नाम का गुट सक्रिय है। अमेरिकी अफ्रीका कमान ने कहा कि शुरुआती जांच में कई आईएसआईएस आतंकियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि हमला कब हुआ और इसमें कितना नुकसान हुआ। अफ्रीका कमान के प्रमुख जनरल डैगविन एंडरसन ने कहा कि अमेरिका नाइजीरिया और क्षेत्रीय साझेदारों के साथ मिलकर आतंकवाद से लड़ाई तेज कर रहा है, ताकि निर्दोष लोगों की जान बचाई जा सके।

**सैन्य कार्रवाई में नाइजीरिया ने भी मदद की :** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी इस हमले की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई नाइजीरिया सरकार के सहयोग से की गई है और आने वाले वक्त में और भी हमले हो सकते हैं। उन्होंने नाइजीरिया सरकार को मदद और सहयोग के लिए शुक्रिया कहा। नाइजीरिया सरकार ने कहा है कि यह हमला अमेरिका के साथ चल रहे सुरक्षा सहयोग का हिस्सा है। दोनों देश मिलकर आतंकवाद से लड़ने के लिए खुफिया जानकारी साझा कर रहे हैं और रणनीति बना रहे हैं। हमले से एक दिन पहले ट्रम्प प्रशासन ने नाइजीरिया को फिर से 'कंट्री ऑफ पार्टिकुलर कंसर्न' घोषित किया था। यह दर्जा उन देशों को दिया जाता है, जहां धार्मिक आजादी के गंभीर उल्लंघन माने जाते हैं। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के अंत में भी ऐसा किया था, जिसे बाद में बाइडेन सरकार ने हटा दिया था।

**नाइजीरियाई सरकार बोली– हिंसा को धर्म से जोड़कर नहीं देखें :** नाइजीरिया सरकार ने इन आरोपों को खारिज किया है। राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू ने कहा कि उनका देश धार्मिक आजादी के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नाइजीरिया एक लोकतांत्रिक देश है, जहां संविधान सभी धर्मों को बराबरी का अधिकार देता है। विदेश मंत्रालय ने भी कहा कि आतंकवाद चाहे किसी के खिलाफ हो, वह देश के मूल्यों और वैश्विक शांति के खिलाफ है। नाइजीरिया में लंबे समय से हिंसा जारी है। यहां करीब 22 करोड़ की आबादी है, जिसमें बड़ी संख्या में ईसाई और मुसलमान रहते हैं। उत्तर-पूर्व में बोको हराम और उसका सहयोगी संगठन आईएसआईएस वेस्ट अफ्रीका प्रोविंस जैसे आतंकी गुट सक्रिय हैं, जिन्होंने बीते दस साल में हजारों लोगों को मारा है। ये हमले ईसाइयों और मुसलमानों, दोनों पर होते रहे हैं। इसके अलावा देश के मध्य हिस्से में चरवाहों और किसानों के बीच जमीन और पानी को लेकर झड़पें होती रहती हैं।

## आम चुनाव से पहले अंतरिम सरकार के विशेष सहायक खुदा बख्श का इस्तीफा



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में आम चुनाव से पहले बिगड़ी कानून-व्यवस्था की वजह से अंतरिम सरकार के विशेष सहायक खुदा बख्श चौधरी को इस्तीफा देना पड़ा है। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के विशेष सहायक ने गुरुवार को अपना इस्तीफा सौंप दिया। डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि 12 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय चुनाव से पहले कानून और व्यवस्था को संभालने के तरीके को लेकर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार की चिंताएं बढ़ गई थीं। उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे खुदा बख्श, देना पड़ा इस्तीफा जुलाई में हुए विद्रोह के बाद 10 नवंबर, 2024 को खुदा बख्श ने अंतरिम सरकार में विशेष सहायक का पद संभाला था। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि खुदा बख्श चौधरी से उम्मीद थी कि वह कानून प्रवर्तन एजेंसियों, विशेष रूप से पुलिस के भीतर अनुशासन बहाल करने और मनोबल बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सूत्रों के मुताबिक खुदा बख्श चौधरी से जो उम्मीदें लगाई गई थीं, वह उन पर खरे नहीं उतरे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के हवाले से कहा गया कि उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन न कर पाने और मुश्किलों से निपटने में कमियों के चलते खुदा बख्श को इस्तीफा देना पड़ा। अधिकारी ने कहा कि वह पूर्व पुलिस महानिरीक्षक थे। उनसे मजबूत और निर्णायक भूमिका निभाने की उम्मीद की जा रही थी। हादी की मौत और हिंसा भड़कने के मामले से बढ़ा दबाव अंतरिम सरकार में गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाल रहे खुदा बख्श को हाल के महीनों में हुई घटनाओं की वजह से सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच उनका इस्तीफा हुआ है। इन घटनाओं में इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी की मौत और उसके बाद भड़की हिंसा में दो अखबारों के कार्यालयों पर हुए हमले के साथ ही सांस्कृतिक संगठनों छायानाट और उदिची पर हुए हमले शामिल हैं।

## नए साल पर हमले की तैयारी में जुटे आईएस के 115 आतंकी गिरफ्तार

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किये ने क्रिसमस और नए साल के कार्यक्रमों में हमले की योजना बना रहे इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के 100 से अधिक आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इस्तांबुल शहर के मुख्य अभियोजक के मुताबिक, शहर में 124 ठिकानों पर बड़े पैमाने पर छापे मारे गए। इनमें हथियार, गोला-बारूद और आईएस से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए। अधिकारियों के मुताबिक, आईएस के ये सदस्य इस हफ्ते पूरे तुर्की में खासकर गैर-मुसलमानों के खिलाफ हमलों की योजना बना रहे थे। तुर्किये पुलिस ने 115 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इनमें से 22 और का पता लगाने की कोशिशें जारी हैं। ये संदिग्ध तुर्किये के बाहर आईएस के गुर्गों के संपर्क में थे। आईएस के खिलाफ यह कार्रवाई तुर्किये की खुफिया एजेंसियों के अफगानिस्तान-पाकिस्तान सीमा पर इस समूह के खिलाफ छापा मारने के दो दिन बाद की गई। तुर्किये का एक नागरिक इस क्षेत्र में काम करने वाले आईएस विंग में एक ऊंचे पद पर था। उसे हिरासत में लिया गया। तुर्किये की सुरक्षा सेवाएं नियमित रूप से आईएस से संदिग्ध संबंधों वाले लोगों को निशाना बनाती हैं। तुर्किये सीरिया के साथ 900 किमी की सीमा साझा करता है।

## इलाज में देरी से भारतवंशी शख्स की कनाडा में मौत

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा के एडमॉन्टन में भारतीय मूल के प्रशांत श्रीकुमार (44) की संभावित हृदयाघात से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, 22 दिसंबर को काम के दौरान सीने में दर्द होने पर प्रशांत को ग्रे नन्स कम्युनिटी हॉस्पिटल ले जाया गया था। जहां आपातकालीन कक्ष में आठ घंटे से अधिक इंतजार करना पड़ा। परिवार के अनुसार इस दौरान उन्हें कोई इलाज नहीं मिला। उनके पिता कुमार श्रीकुमार ने बताया कि दर्द असहनीय था। अगर समय पर इलाज मिल जाता, तो बेटे की जान बच सकती थी।

## तुर्किये ने शुरू की ब्लैक बॉक्स की जांच, विमान हादसे में लीबियाई सैन्य प्रमुख समेत हुई थी आठ की मौत

**इस्तांबुल, एजेंसी।** तुर्किये ने विमान हादसे में लीबिया के सैन्य प्रमुख समेत आठ लोगों की मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है। तुर्किये के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि विशेषज्ञों ने तुर्किये में हुई विमान दुर्घटना में बरामद ब्लैक बॉक्स की जांच शुरू कर दी है। यह जांच लीबियाई अधिकारियों के साथ मिलकर की जा रही है।

पश्चिमी लीबिया के सैन्य प्रमुख जनरल मुहम्मद अली अहमद अल-हद्दाद, चार अन्य सैन्य अधिकारियों और तीन चालक दल के सदस्यों को ले जा रहा निजी विमान मंगलवार को तुर्किये की राजधानी अंकारा से उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें सवार सभी लोगों की मौत हो गई थी।



**शुरुआती जांच में विमान हादसे की ये वजह आई सामने :** एपी की रिपोर्ट के मुताबिक लीबियाई अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना की वजह विमान में तकनीकी खराबी थी। अल-हद्दाद पश्चिमी लीबिया के शीर्ष सैन्य कमांडर थे और उन्होंने लीबिया की सेना को एकजुट करने के लिए संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से चल रहे प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। तुर्किये और लीबिया, दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने के मकसद से अंकारा में रक्षा वार्ता आयोजित करने के बाद उच्च स्तरीय लीबियाई प्रतिनिधिमंडल लीबिया की राजधानी त्रिपोली लौट रहा था। तुर्किये के आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया के अनुसार, मलबा 3 वर्ग किलोमीटर (एक वर्ग मील से अधिक) के इलाके में बिखरा हुआ था, जिससे बचाव कार्य जटिल हो गया। जहाज पर मारे गए लोगों के पांच परिवार सदस्यों सहित 22 लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल जांच में सहायता करने के लिए बुधवार तड़के लीबिया से पहुंचा।

**विद्रोह के बाद लीबिया के हुए दो टुकड़े :** 2011 में हुए विद्रोह के बाद लीबिया में अराजकता फैल गई, जिसने लंबे समय तक सत्ता में रहे तानाशाह मोअम्मर गद्दाफी को सत्ता से बेदखल कर दिया और उनकी हत्या कर दी। देश दो हिस्सों में बंट गया, पूर्व और पश्चिम में प्रतिद्वंद्वी प्रशासन बन गए, जिन्हें कई विद्रोही मिलिशिया और विभिन्न विदेशी सरकारों का समर्थन प्राप्त था।

## ट्रंप ने एपस्टीन मामले पर किया लंबा चौड़ा पोस्ट, पूरे विवाद को बताया वामपंथी साजिश

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्रिसमस के दिन सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में फिर से बदनाम यौन तस्कर जेफ्री एपस्टीन विवाद पर अपनी बात रखी। ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा, जेफ्री एपस्टीन से जब सभी लोग अपने संबंध तोड़ रहे थे, उससे बहुत पहले ही उन्होंने, एपस्टीन से नाता तोड़ लिया था। एक लंबी चौड़ी पोस्ट में ट्रंप ने राजनीतिक विरोधियों और मीडिया संस्थानों पर भी उन्हें बदनाम करने की साजिश रचने का आरोप लगाया।

ट्रंप ने लिखा, 'जेफ्री एपस्टीन से प्यार करने वाले कई घिनौने लोगों समेत सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं।'




ट्रंप ने दावा किया कि एपस्टीन मामले को एक हथियार के रूप में उनके खिलाफ इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने इसे एक कट्टर वामपंथी साजिश करार दिया। ट्रंप ने कहा कि एपस्टीन मामले में अधिकतर डेमोक्रेट्स नेताओं के नामों का खुलासा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि एपस्टीन से जुड़े लोगों ने खुद को जांच तेज होने पर खुद को उससे अलग कर लिया था और वे अकेले ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने ये चलन बनने से बहुत पहले ही एपस्टीन से नाता तोड़ लिया था।

**ट्रंप बोले– बेकसूर लोगों को बदनाम किया जा रहा :** ट्रंप ने कुछ मीडिया संस्थानों पर आरोप लगाया और कहा कि रूस जांच से संबंधित खबरों को लेकर कुछ अखबारों की झूठी रिपोर्टिंग के लिए उन्हें माफी मांगने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने तर्क दिया कि एपस्टीन मामले में मौजूदा रिपोर्टिंग के पीछे भी यही मकसद है। ट्रंप पहले भी कह चुके हैं कि एपस्टीन मामले में कई बेकसूर लोगों को बदनाम किया जा रहा है और उनका कसूर सिर्फ इतना था कि वे एपस्टीन की पार्टियों में शामिल हुए थे। गौरतलब है कि हाल ही में अमेरिकी न्याय विभाग ने एपस्टीन से जुड़े मामले में कई फाइल्स जारी की हैं, जिनमें कई बड़ी हस्तियों की तस्वीरें और नाम हैं। यह मामला अमेरिका में बड़ा मुद्दा बना हुआ है।

## चीन के लड़ाकू विमानों ने लगातार दूसरे दिन ताइवान की सीमा में घुसपैठ की, दोनों देशों में बढ़ा तनाव



**ताइपे, एजेंसी।** चीन के लड़ाकू विमानों और नौसेना के जहाजों ने लगातार दूसरे दिन ताइवान की सीमा में घुसपैठ की। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि चीन के लड़ाकू विमानों और छह नौसैन्य जहाजों ने ताइवान की सीमा का उल्लंघन किया। इसके साथ ही दो चीनी गुब्बारे भी ताइवान की सीमा में देखे गए।

**ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने जारी किया बयान :** ताइवानी रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में कहा, 'आज सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास पीएलए (पीपल्स लिबरेशन आर्मी) विमानों के दो चक्कर और चीनी नौसेना जहाजों के छह चक्करों को देखा गया। इस दौरान दो पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के दो गुब्बारे भी देखे गए। ताइवानी सुरक्षा बलों ने स्थिति पर नजर रखी और जवाब दिया।' इससे पहले गुरुवार को भी ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सुबह 6 बजे के आसपास देश की सीमा में चीनी विमानों के छह चक्कर, आठ नौसैनिक जहाजों को देखा था।

**चीन पर अंतरराष्ट्रीय दमन में शामिल होने का आरोप :** ताइवानी रक्षा मंत्रालय के अनुसार, चीनी लड़ाकू विमानों ने दो बार मध्य रेखा पार की और ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया। इस बीच, मेन लैंड अफेयर्स काउंसिल (म्ूष्ट) ने चीन पर अंतरराष्ट्रीय दमन और राजनीतिक हेराफेरी में शामिल होने का आरोप लगाया। यह आरोप तब लगाए गए हैं जब एक चीनी सार्वजनिक सुरक्षा एजेंसी ने दावा किया कि ताइवानी नागरिक चीन में तस्करी में शामिल हैं और उनके जहाज ने इस साल की शुरुआत में समुद्र के नीचे की केबलों को नुकसान पहुंचाया था।

जून में, एक ताइवानी अदालत ने टोगो-पंजीकृत जहाज हांग ताई 58 के चीनी कप्तान को तीन साल जेल की सजा सुनाई। उस पर आरोप तय था कि उसने फरवरी में ताइवान के पास समुद्र के नीचे की केबलों को जानबूझकर नुकसान पहुंचाया। हालांकि चीन ने ताइवान के इन दावों को खारिज कर दिया।

## बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न पर नेपाल तक आक्रोश, संत बोले- धर्म के नाम पर हो रहा मानवता के खिलाफ अपराध

**जनकपुर, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों के विरोध में गुरुवार को हिंदू संतों सहित बड़ी संख्या में लोग नेपाल के जनकपुरधाम की सड़कों पर उतरे और प्रदर्शन किया। प्राचीन शहर जनकपुर के जानकी मंदिर परिसर से शुरू हुए इस विरोध प्रदर्शन में बांग्लादेश में मारे गए हिंदू युवक दीपू चंद्र दास के लिए न्याय की मांग करते हुए नारे लगाए गए।

यह विरोध मार्च रामानंदिया वैष्णव संघ की ओर से आयोजित किया गया था। जानकी मंदिर के उत्तराधिकारी महंत राम रोशन दास ने कहा कि उग्र, उपद्रवी भीड़ ने दलित हिंदू दीपू चंद्र दास की बेरहमी से हत्या कर दी। उन्होंने उसे पेड़ पर लटकाकर आग लगा दी। यह दिल दहला देने वाला है और हमें अंदर तक झकझोर देता है। आज हिंदू समूहों के संत और युवा इन अत्याचारों के खिलाफ सड़कों पर उतरे। मैंने नेपाल सरकार को भी चेतावनी दी है कि वह बांग्लादेश पर हर संभव तरीके से दबाव डाले। किसी को भी दूसरों को मारने का अधिकार नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने इस घटना को अमानवीय और धर्म के नाम पर मानवता के खिलाफ अपराध बताया। प्रदर्शनकारियों ने इस घटना को अमानवीय और धर्म के नाम पर मानवता के खिलाफ अपराध बताया। उन्होंने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को तत्काल समाप्त करने की मांग करते हुए नारे लगाए व विरोध प्रदर्शन के दौरान झंडा जलाया।

**यूनुस के शासन में जिंदा जलाए जा रहे हिंदू : हसीना :** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने क्रिसमस के मौके पर अपने संदेश में कहा कि अंतरिम सरकार प्रमुख मोहम्मद यूनुस के शासन में हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहा है। हिंदुओं को जिंदा जलाया जा रहा है। बांग्लादेश में अवैध रूप से सत्ता पर काबिज मौजूदा सरकार ने



सभी धर्मों और समुदायों के लोगों की अपने-अपने धर्मों का पालन करने की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप कर रही है। बांग्लादेश में विशेषकर गैर-मुसलमानों पर अत्याचार किया जा रहा है। इसने धार्मिक अल्पसंख्यकों को जलाकर मारने जैसी भयावह मिसालें भी कायम की हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि बांग्लादेश के लोग इस अंधकारमय समय को अब और जारी नहीं रहने देंगे।

**भीड़ ने की थी दीपू की पीट–पीटकर हत्या, हर तरफ आक्रोश :** पिछले सप्ताह बांग्लादेश के मयमनसिंह शहर में दीपू चंद्र दास की भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपों के बाद पीट-पीटकर हत्या कर दी थी, जिससे नेपाल और भारत में आक्रोश फैल गया है। रामानंदिया वैष्णव संघ ने कहा, बांग्लादेश की हिंदू आबादी को 1947 के बाद से राजनीतिक घटनाओं के परिणामस्वरूप काफी नुकसान हुआ है।

# इंग्लैंड ने दूसरे ही दिन चार विकेट से जीता बॉक्सिंग डे टेस्ट

**–ऑस्ट्रेलिया में 18 मैचों के बाद मिली पहली जीत**

**मेलबर्न (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने यहां एमसीजी में खेले गये चौथे बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम को चार विकेट से हराकर इस दौरे में अपनी पहली जीत दर्ज की है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज को पहले ही शुरुआती तीन टेस्ट जीतकर अपने नाम कर लिया है। ऐसे में इस हार से सीरीज के परिणाम पर कोई खास प्रभाव नहीं हैं। इस जीत से अब ये सीरीज 3-1 पर पहुंच गयी है। इस मैच में मेजबान टीम ने इंग्लैंड को जीत के लिए 175 रनों को लक्ष्य दिया था जो उसने दूसरे ही दिन 6 विकेट पर 178 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने अच्छी शुरुआत की। पारी शुरु करते हुए बेन डकेट ने 34 रन बनाए, जबकि जैकब बेटहेल ने 40 रन बनाये। हैरी ब्रुक ने 18 रन और जैक क्राउली ने 37 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

यह साल 2011 के बाद ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड की पहली टेस्ट जीत है। वहीं कुल मिलकार 18 टेस्ट के बाद इंग्लैड टीम यहां जीती है।

इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज दोनो पारियों में असफल रहे जिसका नुकसान मैच में मिली हार से उसे हुआ। वहीं दूसरी ओर पहली पारी के आधार पर 42 रनों से पिछड़ने के बाद भी इंग्लैंड ने मैच जीत लिया। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने दूसरी पारी में मेजबान टीम के बल्लेबाजों को बड़ स्कोर बनाने का कोई अवसर न देते हुए ऑस्ट्रेलियाई टी को 132 रनों पर ही समेट दिया था। ट्रेविस हेड 46 रन के अलावा स्टीव स्मिथ ने 24 और ग्रीन ने 16 रन बनाये बाकि बल्लेबाज असफल रहे। इंग्लैंड की ओर से रायडन कार्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए कुल चार विकेट लिए।

जिस प्रकार से पहले तीन मैच जीतने वाली मेजबान टीम इस मैच में असफल रही है। उससे प्रशंसकों में निराशा है। पिछले 9 सालों में यह पहला अवसर है जब ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने घरेलू मैदान पर किसी टेस्ट की दोनों ही पारियों में 200 रन के अंदर सिमटी। इससे पहले साल 2016 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होबार्ट टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार से आउट हुई थी।

इस मुकाबले की बात करें तो ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी अपनी पहली पारी में केवल 152 रन बनाए थे। वहीं इसके बाद इंग्लैंड 110 रनों पर आउट हुई थी। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर मेजगान टीम के पास 46 रनों की बढ़त थी। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम केवल 132 रन ही बना पायी। इंग्लैंड की गेंदबाजी के सामने मेजबान टीम के बल्लेबाजों की एक न चली। ऑस्ट्रेलिया के साथ ऐसा बहुत कम ही हुआ है कि वह अपने घर में दोनों पारियों में 200 से कम पर आउट हो जाये।

इससे पहले आज सुबह ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी वारी में बिना किसी नुकसान के 4 रनों से आगे खेलना शुरु किया पर इंग्लैड के गेंदबाजों गस एटकिन्सन और बेन स्टोक्स के के सामने वह टिक नहीं पायी। टीम ने 100 रनों के अंदर ही 6 विकेट खो दिये। इसी दौरान जोश टोंग और ब्रायडन कार्स ने बल्लेबाज मार्नस लैबुशेन को 8 रन पर और ख्वाजा को शून्य पर ही पेवेलियन भेज दिया। ट्रेविस हेड ने 46 और स्टीव स्मिथ ने 24 रन बनाए। इस प्रकार पूरी टीम दूसरी पारी में 132 रनों पर सिमट गयी। पहली पारी के आधार पर मेजगान टीम के पास 46 रनों की बढ़त थी। इस प्रकार इंग्लैड को जीत के लिए 175 रनों का लक्ष्य मिला।




इस लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने अच्छी शुरुआत की। पारी शुरु करते हुए बेन डकेट ने 34 रन बनाए, जबकि जैकब बेटहेल ने 40 रन बनाये। हैरी ब्रुक ने 18 रन और जैक क्राउली ने 37 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

यह साल 2011 के बाद ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड की पहली टेस्ट जीत मिली है। वहीं कुल मिलकार 18 टेस्ट के बाद इंग्लैड टीम जीती है।

मैच के दो दिन के भीतर खत्म हो जाने के बाद पिच को लेकर जोरदार बहस छिड़ गई। पहले दिन ही 20 विकेट गिरे थे, जो ऑस्ट्रेलिया में 1951 के एडिलेड ओवल के बाद सबसे ज्यादा थे। दूसरे दिन भी 16 विकेट गिरे।

# होल्डन और नसीम ने आईएलटी20 में वाइपर्स को जीत दिलाई



**शारजाह (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज नसीम शाह की शानदार गेंदबाजी और मैक्स होल्डन के नाबाद अर्धशतक की मदद से डेजर्ट वाइपर्स ने शारजाह वॉरियर्स पर पांच विकेट से जीत हासिल कर उसे आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया।

इस मैच के परिणाम से यह सुनिश्चित हो गया कि अबू धाबी नाइट राइडर्स या गल्फ जायंट्स में से कोई एक टीम प्लेऑफ में जगह बनाएगी। डेजर्ट वाइपर्स, एमआई एमिरेट्स और दुबई कैपिटल्स की टीम पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुकी हैं।

नसीम शाह ने 35 रन देखकर तीन विकेट लिए और वॉरियर्स को सात विकेट पर 140 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। वॉरियर्स की तरफ से जॉनसन चार्ल्स ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। मैक्स होल्डन की 46 गेंद पर नाबाद 66 रन की पारी की मदद से वाइपर्स ने 19.3 ओवर में पांच विकेट पर 144 रन बनाकर जीत हासिल की।

# डकेट के 3000 हजार रन पूरे




**मेलबर्न (एजेंसी)।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने एशेज सीरीज के चौथे टेस्ट की दूसरी पारी में 34 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने के साथ ही अपने 3,000 रन भी पूरे किए। इतने रन बनाने वाले वह इंग्लैंड के 49वें खिलाड़ी बन गए हैं।बाएं हाथ के बल्लेबाज डकेट ने इस मैच में जीत के लिए मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए 26 गेंदों में 34 रन बनाए। डकेट ने अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का लगाया। इस मैच के साथ ही डकेट के नाम अब 42 टेस्ट मैचों में 3,005 रन हो यगे हैं। उनका औसत 40.06 और स्ट्राइक रेट 86.44 का रहा है। उनके नाम 6 शतक और 16 अर्धशतक है। वहीं उनका सबसे अधिक स्कोर 182 रन रहा है। है।

इस सीरीज में हालांकि डकेट अब तक असफल रहे हैं और केवल 133 रन ही बना पाये हैं। इस मैच में जीत के लिए इंग्लैंड को 175 रनों का लक्ष्य मिला था।

इंग्लैंड को जीत के लिए 175 रन का लक्ष्य मिला। जिसका पीछा करते हुए डकेट ने पारी की शुरुआत करते हुए 34 रन बनाए, जबकि जैकब बेटहेल ने 46 गेंद में 40 रन बनाये। इंग्लैंड ने इस मैच को चार विकेट से जीता। डकेट सबसे कम गेंदों में 3000 टेस्ट रन पूरे करने के मामले में पहले नंबर पर पहुंच गये है। इससे पहले ये रिकार्ड एडम गिलक्रिस्ट के नाम था। डकेट ने 3474 गेंदों में ये रन बनाये जबकि गिलक्रिस्ट ने इसके लिए 3610 गेंद खेली थी। वहीं 3468 गेंद खेलकर हैरी ब्रूक इस सूची में पहले नंबर पर हैं और उन्होंने इस मैच में ही यह रिकॉर्ड बनाया था।

# महिला क्रिकेट में रेणुका का जलवा! 4 विकेट लेकर भारत को जिताया, केरल को बताया 'लकी चार्म'

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका महिला टीम पर आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज करते हुए पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली। यह जीत भारतीय महिला टीम के आक्रामक गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत मिली, जिसमें वापसी कर रही रेणुका सिंह ठाकुर का शानदार प्रदर्शन रहा, जिन्होंने 4/21 के प्रभावशाली आंकड़े दर्ज किए। मैच के बाद रेणुका ने अपने प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया और केरल को अपना भाग्यशाली मैदान बताया। लंबे समय के अंतराल के बाद वापसी कर रही रेणुका ने नई गेंद से बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4/21 विकेट लिए और श्रीलंका के शीर्ष क्रम को परेशान किया।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में रेणुका सिंह ने अपने प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए केरल को अपना लकी ग्राउंड बताया। उन्होंने कहा कि अंडर-19 क्रिकेट के दौरान भी वह अक्सर यहां चार विकेट लेती थीं। उन्होंने भारतीय महिला टीम की गेंदबाजी की भी तारीफ की और मजबूत तेज गेंदबाज-स्पिनर संयोजन की सराहना करते हुए कहा कि टीम का लक्ष्य मैचों को जीतने और महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए उच्च मानकों को बनाए रखना है।



रेणुका ने कहा कि मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा। मैं लंबे समय से टी20 क्रिकेट खेल रही हूं, इसलिए खुश हूं। केरल मेरा लकी ग्राउंड है। मैंने यहां अंडर-19 क्रिकेट भी खेला है। जब भी मैंने खेला है, चार विकेट लिए हैं। केरल आकर मैं बहुत उत्साहित थी। यह मेरा लकी ग्राउंड है। भारतीय तेज गेंदबाज ने आगे कहा कि गेंदबाजी विभाग अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। तेज गेंदबाजों और स्पिनरों का संयोजन बढ़िया है। हम विश्व कप के लिए बेहतर संयोजन खोजने की कोशिश कर रहे हैं। हम अपने मानकों को ऊंचा बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं ताकि हम ज्यादा से ज्यादा मैच जीत सकें। हमारा मकसद महिला क्रिकेट को अगले स्तर तक ले जाना है।

रेणुका के साथ-साथ दीप्ति शर्मा ने भी भारत बनाम श्रीलंका मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए 3/18 विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट की बराबरी करते हुए महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं, जिनके नाम 151 विकेट हैं। इस मैच में श्रीलंका ने शुरुआत में ही संघर्ष किया और 32 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। कौशिनी नुत्यांगना की 19* रनों की पारी के बावजूद श्रीलंका 20 ओवरों में केवल 112/7 रन ही बना पाई। भारतीय टीम की ओर से शेफाली वर्मा ने 42 गेंदों पर 79 रनों की तेज पारी खेली और कप्तान हरमनप्रीत कौर (21*) के शानदार सहयोग से भारत ने 6.4 ओवर शेष रहते आठ विकेट से जीत हासिल की।

# सलमान की जन्मदिन पार्टी में छाये रहे धोनी



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने हाल बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के 60वीं जन्मदिन हुई पार्टी में परिवार सहित शामिल हुए। आम तौर पर पार्टी आदि से दूर रहने वाले धोनी इस कार्यक्रम में पत्नी साक्षी और बेटी जीवा के साथ नजर आए। इस पार्टी में सलमान खान के करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य ही शामिल हुए। समारोह में धोनी का सादगी भरा अलग अंदाज छाया रहा। पार्टी में उनके पहुंचने के वीडियो अब सोशल मीडिया में काफी पसंद किये जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस वीडियो के आते ही प्रशंसकों ने धोनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह जमीन से जुड़े हैं और ये उनके अंदाज से देखा जा सकता है। धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद अब केवल आईपीएल में ही उतरते हैं। इसके बाद भी उनके लिए प्रशंसकों की दीवानगी कम नहीं हुई है। आईपीएल 2026 में धोनी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसी) के लिए उतरेंगे पर उनके कप्तानी करने की कोई संभावना नहीं है। धोनी ने पिछली बार आईपीएल 2025 में कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद टीम की कमान संभाली थी।

# टी20 विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन कर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाना है लक्ष्य : कमिंस



मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिाई टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि उनका लक्ष्य नये साल में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्कप मे बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाना है। कमिंस ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य तेज गेंदबाज हैं और कार्यभार प्रबंधन के तहत ही उन्हें एशेज सीरीज के बचे हुए दो टेस्ट मैचों से बाहर रखा गया है। कमिंस चोटिल होने के कारण पहले दो टेस्ट में शामिल नहीं थे। मेजबान टीम ने पहले ही सीरीज 3–0 से जीत ली है जिससे देखते हुए कमिंस को उतारकर टीम जोखिम नहीं लेना चाहती है। कमिंस को जून जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे पर कमर में चोट लगी थी। जिससे देखते हुए टीम प्रबंधन उनपर अधिक बोझ नहीं डालना चाहता। वहीं कमिंस ने कहा कि अब आराम करने के बाद उन्हें पहले से बेहतर लग रहा है। साथ ही कहा कि कुछ सप्ताह पहले ही कमर की चोट से उबरा हूं तो लगातार दो टेस्ट खेलना जोखिमभरा रहता। अब टी20 विश्व कप से पहले कुछ आराम करूंगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम टी20 विश्व कप में पहला मैच 11 फरवरी को कोलंबो में आयरलैंड से खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने हाल में अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की है। जिसके कारण कमिंस टीम के प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं।

# अनुभवी खिलाड़ियों को एचआईएल में निभानी होगी बड़ी भूमिका : श्रीजेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश आजकल हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) एसजी पाइपर्स हॉकी टीम के डायरेक्टर हैं। श्रीजेश का कहना है कि अगर एसजी पाइपर्स को हॉकी इंडिया एचआईएल में अच्छा प्रदर्शन करना है तो अनुभवी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर युवाओं को प्रेरित करना होगा। इन खिलाड़ियों की जिम्मेदारी दबाव के क्षणों में और बढ़ जाती है।

श्रीजेश ने कहा, पिछले सत्र में हमने जीत के साथ शुरुआत की थी पर इसके बाद टीम पिछड़ गयी थी। इसका कारण है कि टीम को संभालने का प्रयास किसी ने नहीं किया। टीम के पास अच्छे नेतृत्व की कमी नजर आयी। उस सत्र में अनुभवी खिलाड़ियों ने आगे आकर कमान नहीं संभाली थी। वहीं इस बार ऐसा नहीं होना चाहिए। एसजी पाइपर्स 2024-25 सीजन में पुरुष और महिला दोनों ही वर्ग में पीछे रही है। श्रीजेशने बताया कि पूर्व अंतराष्ट्रीय अनुभवी खिलाड़ी रूपिंदर पाल सिंह को टीम में मेंटरशिप और बीच में नेतृत्व संभालने के लिए शामिल किया गया है।



इस पूर्व कप्तान ने कहा कि रूपिंदर को रखने का कारण टीम को एक मेंटर उपलब्ध कराना है। साथ ही कहा कि हमें ऐसे किसी व्यक्ति की जरूरत है जो टीम को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करे। साथ ही कहा कि वह टीम की तैयरियों से खुश हैं। साथ ही कहा कि आने वाले दिनों में टीम के प्रदर्शन का बारीकी से आंकलन होगा।

साथ ही कहा कि इसलिए एचआईएल के बाद हम सबसे पहले उन्हें उनके सभी मैच दिखाएंगे। मैं चाहता हूं कि वे जानें कि 2027 में उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। उनका मानना है कि जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में, जिसमें भारत हार गया था, वह बेहतर फैसले ले सकते थे। हालांकि मेरे ज़्यादातर फैसले सही थे, यहां तक कि अर्जेंटीना के खिलाफ हमने जो बदलाव किये थे। वे सफल रहे। ।

श्रीजेश ने कहा कि एक खिलाड़ी और एक कोच में काफी अंतर होता है।उन्होंने कहा, मैं अपने कोचिंग रोल का आनंद ले रहा हूं, जूनियर टीम के साथ लगभग एक साल हो गया है, और मैं नए खिलाड़ियों के एक नए ग्रुप का इंतजार कर रहा हूं, और कोच के तौर पर मुझे नए ग्रुप के साथ शुरुआत करनी होगी, इसलिए यह एक बड़ी चुनौती होने वाली है।

# शीर्ष खिलाड़ियों में जगह बनाना चाहते हैं ब्राजील के उभरते टेनिस खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका



रियो डी जेनेरो। ब्राजील के उभरते हुए टेनिस खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका का लक्ष्य नये साल में विश्व के शीर्ष 15 पुरुष टेनिस खिलाड़ियों में जगह बनाना है। फोन्सेका चाहते हैं कि वह नये साल में तेजी से आगे आयें। इस खिलाड़ी ने साल 2025 में दो खिताब जीते हैं। ये एटीपी टूर पर उनका पहला सत्र था और अब नये सत्र में भी वह ये सिलसिला आगे बढ़ाना चाहते हैं। फोन्सेका ने कहा, मेरा इरादा दुनिया के शीर्ष 15 खिलाड़ियों में जगह बनाने का है। यह कठिन है पर मैं इसके लिए प्रयास करुंगा। मैं बिना उतार–चढ़ाव के लगातार अच्छे परिणामें पर भी ध्यान दूँगा। गौरतलब है कि फोन्सेका ने इस साल 113वीं रैंक से शुरुआत की थी पर ब्यूनस आयर्स (एटीपी 250) और बेसल (एटीपी 500) में जीत के बाद वह लंबी छलांग लगाकर 24वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं साल 2025 में वह फ्रेंच ओपन और विंबलडन में तीसरे राउंड तक पहुंचे जो एक बड़ी उपलब्धि रही है। उन्होंने टेनिस के अलावा नए साल को लेकर कुछ अन्य लक्ष्य के बारे में भी बताया। फोन्सेका ब्राजील के एकमात्र पुरुष ग्रैंड स्लैम सिंगल्स चैंपियन गुस्तावो कुएटर्न हैं के समान बनना चाहते हैं।

# हरमनप्रीत सबसे अधिक जीत दर्ज करने वाली कप्तान बनी



थिरुवनंतपुरम। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में जीत के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। अब हरमनप्रीत महिला टी20 क्रिकेट में सबसे अधिक जीत करने वाली कप्तान बन गई हैं। हरमनप्रीत ने इसी के साथ ही ऑस्ट्रेलिया की मेग लैनिंग को पीछे छोड़ा है। श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 में जीत के साथ ही हरमनप्रीत ने टी20 में कप्तानी करते हुए 130 मैचों में 77 जीत हासिल की हैं। इस प्रकार उनका जीत प्रतिशत 58.46 है। वहीं लैनिंग ने 100 मैचों में 76 जीत दर्ज की है इससे उनका जीत प्रतिशत 76 है। लैनिंग के नाम हालांकि चार विश्वकप जीत का रिकार्ड है। वहीं स्पिन ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने टी20 में अपने 150 विकेट पूरे किये हैं। वह इस प्रारुप में सबसे अधिक विकेट लेने वाली खिलाड़ी बन गयी हैं।

# टेस्ट क्रिकेट में फ्लॉप गंभीर, बीसीसीआई ने इस दिग्गज से की अनौपचारिक बातचीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की टेस्ट टीम को हाल ही में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की सीरीज में हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के भीतर टेस्ट टीम की कोचिंग को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। खबर है कि बोर्ड के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने अनौपचारिक रूप से दिग्गज क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण से संपर्क कर यह जानने की कोशिश की कि क्या वह टेस्ट टीम के कोच की भूमिका संभालने में रुचि रखते हैं।

### टेस्ट क्रिकेट में गंभीर का रिकॉर्ड चिंता का विषय

गौतम गंभीर का व्हाइट-बॉल कोच के तौर पर रिकॉर्ड प्रभावशाली रहा है। उनके कार्यकाल में भारत ने एक ICC और एक ACC ट्रॉफी जीती है। हालांकि टेस्ट क्रिकेट में तस्वीर अलग नजर आती है। SENA देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) के खिलाफ भारत को 10 टेस्ट मैचों में हार झेलनी पड़ी है, जिसने बोर्ड की चिंता बढ़ा दी है।

### लक्ष्मण की दिलचस्पी नहीं

सूत्रों के मुताबिक, वीवीएस लक्ष्मण फिलहाल बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 'हेड ऑफ क्रिकेट' की भूमिका से संतुष्ट हैं और वह सीनियर टेस्ट टीम की कोचिंग लेने के इच्छुक नहीं हैं। यही वजह है कि BCCI के पास फिलहाल गंभीर का कोई मजबूत विकल्प नहीं दिख रहा।

### कॉन्ट्रैक्ट पर दोबारा हो सकता है विचार

गौतम गंभीर का BCCI के साथ करार 2027 वनडे वर्ल्ड कप तक का है, लेकिन यह पूरी तरह भारत के आगामी टी20 वर्ल्ड कप प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। यदि भारत खिताब बरकरार रखता है या फाइनल तक पहुंचता है, तो गंभीर की स्थिति और मजबूत हो सकती है। इसके उलट खराब प्रदर्शन की स्थिति में उनके कॉन्ट्रैक्ट पर पुनर्विचार संभव है।

### ड्रेसिंग रूम का माहौल

रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा भारतीय ड्रेसिंग रूम में असमंजस की स्थिति है। कई खिलाड़ी गंभीर के कार्यकाल में खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे, जबकि राहुल द्रविड़ के दौर में खिलाड़ियों की भूमिकाएं स्पष्ट थीं और उन्हें लंबा मौका मिलता था। शुभमन गिल का टी20 वर्ल्ड कप टीम से बाहर होना भी इसी नीति का उदाहरण माना जा रहा है।

### आगे का फैसला IPL के बाद

टी20 वर्ल्ड कप के बाद दो महीने का IPL सीजन होगा, जिसके दौरान BCCI के शीर्ष अधिकारी भारत के प्रदर्शन का गहन विश्लेषण करेंगे। इसके बाद यह तय किया जाएगा कि अलग-अलग फॉर्मेट के लिए अलग कोच हों या सभी फॉर्मेट के लिए एक ही कोच रखा जाए।




आने वाले दो महीने 'गुरु गंभीर' के लिए बेहद अहम माने जा रहे हैं, भले ही उन्हें अभी भी BCCI के कुछ प्रभावशाली वर्गों का समर्थन हासिल है।

# आईपीएल2026 : आरसीबी को बड़ा झटका, 3 करोड़ में रिटेन इस स्टार खिलाड़ी को हुई हैमस्ट्रिंग इंजरी

ऑस्ट्रेलिया और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के लिए खेलने वाले पावर हिटर टिम डेविड चोटिल हो गए हैं। बिग बैश लीग (BBL) के दौरान हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते उन्हें मैच बीच में छोड़ना पड़ा, जिससे आगामी टी20 वर्ल्ड कप और RCB की तैयारियों पर सवाल खड़े हो गए हैं। यह साल 2025 में डेविड की दूसरी हैमस्ट्रिंग चोट है।

**मैच के दौरान लगी चोट–** यह घटना पर्थ स्टेडियम में हॉबर्ट हरिकेन्स और पर्थ स्कॉर्चर्स के मुकाबले के दौरान हुई। टिम डेविड शानदार लय में बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन तेज़ी से दूसरा रन लेने की कोशिश में उन्हें पैर में खिंचाव महसूस हुआ। इलाज के बाद भी 29 वर्षीय डेविड को 28 गेंदों पर 42 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान छोड़ना पड़ा।

**स्कैन के लिए भेजे गए डेविड–** मैच के बाद हॉबर्ट हरिकेन्स ने पुष्टि की कि डेविड की चोट का आकलन करने के लिए स्कैन कराया जाएगा। बिग बैश लीग का फाइनल 25 जनवरी को है और इसके ठीक बाद 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में अ20 वर्ल्ड कप शुरू होना है। ऐसे में अगर चोट गंभीर हुई तो उनके पास रिकवरी के लिए बहुत कम समय होगा।

**पहले भी रह चुके हैं चोटिल–**इससे पहले 2025 में IPL के दौरान भी टिम डेविड को हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई थी, जिसके कारण वह करीब दो महीने क्रिकेट से दूर रहे और RCB के प्लेऑफ अभियान से बाहर हो गए थे। इसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उनके वर्कलोड को लेकर सतर्क रवैया अपनाया था।

# भारतीय शेयर बाजार ने 2025 में कई चुनौतियों का सामना किया

**- वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद घरेलू निवेशकों ने बाजार को स्थिर रखा**

**मुंबई ।** वर्ष 2025 में भारतीय शेयर बाजार ने कई चुनौतियों का सामना किया। वैश्विक व्यापार तनाव, विदेशी निवेशकों की बिकवाली, रुपये की कमजोरी और अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक घटनाओं के बावजूद घरेलू अर्थव्यवस्था स्थिर रही। साल के अधिकांश समय बाजार सीमित दायरे में रहा, लेकिन दिसंबर तक निफ्टी ने लगभग 26,325 के नए शिखर को छू लिया। मिडकैप स्टॉक्स ने लगभग 6 प्रतिशत रिटर्न दिया और मजबूती दिखाई, जबकि स्मॉलकैप स्टॉक्स में उतार-चढ़ाव अधिक देखा गया और यह लगभग छह प्रतिशत गिर गया।

डिफेंस और एयरोस्पेस सेक्टर ने 50 से 70 प्रतिशत तक तेजी दिखाई, सरकारी ऑर्डर और बजट के सहारे। ऑटो, इलेक्ट्रिक वाहन और कैपिटल गुड्स में 21 से 55 प्रतिशत तक रिटर्न देखने को मिला। टेलिकॉम और डिजिटल कंपनियों के शेयरों ने भी टेक्नॉलॉजी और एआई पर बढ़ते खर्च के चलते 30 से 45 प्रतिशत तक का मजबूत प्रदर्शन किया । फाइनैंशल सेक्टर में बैंक ने मजबूत आधार बनाए रखा और बाजार में सहारा दिया। आरबीआई ने ब्याज दर में कमी करके और पर्याप्त नकदी उपलब्ध कराकर बाजार का सहयोग किया। सरकार ने खपत बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जीएसटीसुधार और टैक्स में राहत के जरिए घरेलू मांग को बढ़ावा दिया।

इस साल प्राइमरी मार्केट के लिए भी खास रहा, जहां 90 से अधिक आईपीओ आए और 1.77 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए। 2025 का निवेशकों के लिए सबक यह है कि अनुशासन बनाए रखना, क्वॉलिटी बिजनेस पर ध्यान देना और लंबी अवधि के निवेश पर जोर देना बेहद जरूरी है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद घरेलू निवेशकों ने बाजार को स्थिर रखा और डिफेंस, ऑटो, फाइनैंशल और डिजिटल सेक्टर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। सरकारी और आरबीआई नीतियों ने सहारा दिया और नए साल के लिए सकारात्मक माहौल की उम्मीद जगाई।

## श्रेय समूह की कंप नियों में 2,434 करोड़ की धोखाधड़ी हुई: पीएनबी

**- श्रेय समूह पर कुल 32,700 करोड़ रुपए का कर्ज था**

**नई दिल्ली ।**

पंजाब नेशनल बैंक (पीनबी) ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को सूचना दी कि श्रेय इक्विपमेंट फाइनेंस लिमिटेड (एसईएफएल) और श्रेय इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड (एसआईएफएल) में कुल 2,434 करोड़ रुपए की ऋण धोखाधड़ी हुई है। एसईएफएल में 1,240.94 करोड़ रुपए और एसआईएफएल में 1,193.06 करोड़ रुपए की उधारी को बैंक ने धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत किया। पीएनबी ने पूरी राशि के लिए 100 फीसदी वित्तीय प्रावधान कर लिया है, जिससे बैंक के वित्तीय नतीजों पर कोई अतिरिक्त असर नहीं पड़ेगा। श्रेय समूह पर कुल 32,700 करोड़ रुपए का कर्ज था। पहले इसका नियंत्रण कनोरिया परिवार के पास था। अक्टूबर 2021 में आरबीआई ने एसआईएफएल और एसईएफएल के निदेशक मंडल को भंग किया था। इसके बाद आईबीसी के तहत दिवाला प्रक्रिया शुरू हुई। दिसंबर 2023 में नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ने इन कंपनियों का अधिग्रहण किया। श्रेय समूह ने 1989 में




परिसंपत्ति वित्तपोषण वाली एनबीएफसी के रूप में अपना कारोबार शुरू किया था।

## 18 एफटीए के बावजूद भारत के निर्यात की रफ्तार सुस्त



**- नए समझौतों से ज़्यादा मौजूदा एफटीए से ठोस लाभ पर फोकस की जरूरत**

**नई दिल्ली ।** भारत ने अब तक एक के बाद एक 18 मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन इसके बावजूद देश के निर्यात में अपेक्षित तेजी देखने को नहीं मिल रही है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अब नए एफटीए करने के बजाय मौजूदा समझौतों से वास्तविक और ठोस निर्यात लाभ सुनिश्चित करने पर ध्यान देना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में भारत का कुल निर्यात 825 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था। वहीं वित्त वर्ष 2026 में इसके करीब 850 अरब डॉलर तक ही रहने का अनुमान है।

यह बढ़त अपेक्षा से कम है, जिसका एक बड़ा कारण अमेरिका द्वारा लगाए गए भारी टैरिफ और कमजोर वैश्विक मांग को माना जा रहा है। कमजोर अंतरराष्ट्रीय मांग और बढ़ते संरक्षणवादी कदमों के चलते माल निर्यात में बड़ी छलांग की उम्मीद नहीं है। हालांकि, सेवा क्षेत्र का निर्यात 400 अरब डॉलर से अधिक रहने की संभावना है, जो भारत के समग्र व्यापार प्रदर्शन को सहारा दे सकता है। अमेरिका भारत के लिए सबसे बड़ा दबाव बनकर उभरा है।

मई से नवंबर 2025 के बीच 50 प्रतिशत तक के टैरिफ के चलते भारत का अमेरिका को निर्यात लगभग 21 प्रतिशत घट गया। इसके अलावा रूस से तेल खरीद को लेकर लगाए गए अतिरिक्त दंडात्मक टैरिफ से स्थिति और बिगड़ सकती है। वहीं यूरोपीय संघ 1 जनवरी 2026 से कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म लागू करने जा रहा है, जिसके कारण भारत के इस्पात निर्यात में पहले ही 24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जा चुकी है। इन चुनौतियों के बावजूद, अमेरिका के अलावा अन्य वैश्विक बाजारों में भारत के निर्यात में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## कावासाकी निंजा 650 का अपडेटेड 2026 मॉडल लॉन्च



**नई दिल्ली ।**

अपनी पॉपुलर मिडलवेट स्पोर्ट्स बाइक कावासाकी निंजा 650 का कावासाकी ने अपडेटेड 2026 मॉडल लॉन्च कर दिया है। बाइक में डुअल-चैनल एबीएस के साथ ट्रेक्शन कंट्रोल सिस्टम मिलता है।

इस बाइक में अब ओबीडी2बी एमिशन नॉर्म्स के अनुरूप अपडेटेड इंजन दिया गया है और ये ई20 पेट्रोल पर भी चल सकेगी। इसकी कीमत एक्स-शोरूम 7.91 लाख रुपए रखी गई है। नए अपडेट के साथ बाइक की कीमत में 14,000 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। यह ट्रायम्फ डेटोना 660, यामाहा आर 15 400 और होंडा सीबीआर650आर जैसी मोटरसाइकिल्स को टक्कर देती है। डिजाइन की बात करें तो 2026 निंजा 650 में बहुत बड़े बदलाव नहीं किए गए हैं, लेकिन इसे फ्रेश लुक देने के लिए नई लिवरी (ग्राफिक्स) का इस्तेमाल किया गया है। बाइक अपने सिग्नेचर लाइम ग्रीन कलर शेड में ही अवेलेबल है। इसमें शार्प ट्विन एलईडी हेडलैंप्स, मस्कुलर फ्यूल टैंक, लेयर्ड फेयरिंग, फेयरिंग माउंटेड ओआरवीएमएस, अंडरबेली एग्जॉस्ट, फ्लश-फिट विंडशील्ड और अपर काउल दिया गया है, जो इसे एक एग्रेसिव स्पोर्टी लुक देता है। नया ग्राफिक डिजाइन कुछ समय पहले इंटरनेशनल मार्केट में पेश किया गया था, जिसे अब भारत लाया गया है।

इसके अलावा लेटेस्ट बाइक में एलईडी टेललाइट्स, फैंसी एल्युमीनियम स्विंगआर्म, फेयरिंग में लगे हैलोजन टर्न इंडिकेटर्स, पीछे की तरफ स्टेप्ड सीट, थोड़ा सीधा राइडिंग पोस्चर और न्यूट्रल फुटपेग मिलता है। 2026 कावासाकी निंजा 650 में 649सीसी का 4 स्ट्रोक, पैरेलल-ट्विन, डीओएचसी 8 वॉल्व, लिक्विड कूल्ड इंजन दिया गया है, जो 8000आरपीएम पर 68एचपी की पावर और 6700 आरपीएम पर 48.5 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। ट्रांसमिशन के लिए इंजन को असिस्ट स्लिपर क्लच के साथ 6-स्पीड गियरबॉक्स के साथ ट्यून किया गया है।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 693 अरब डॉलर पहुंचा

**पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 688 अरब डॉलर था**

**मुंबई ।**

आरबीआई के ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 19 दिसंबर 2025 को समाप्त सप्ताह में 4.368 अरब डॉलर बढ़कर 693.318 अरब डॉलर हो गया। इससे पहले भंडार 688.949 अरब डॉलर था। इस वृद्धि से यह संकेत मिलता है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है। विदेशी मुद्रा संपत्तियों में इस सप्ताह 1.641 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई और ये 559.428 अरब डॉलर तक पहुंच गईं। इसमें यूरो, पाउंड और येन जैसी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव शामिल है। सोने के भंडार में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई, जो 2.623 अरब डॉलर बढ़कर 110.365 अरब डॉलर हो गया। अंतरराष्ट्रीय सोने की कीमतों में तेजी ने इसमें अहम भूमिका निभाई। विशेष आहरण अधिकार 8 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.744 अरब डॉलर हो गए। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की रिज़र्व स्थिति 4.782 अरब डॉलर तक पहुंच गई। विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ते विदेशी मुद्रा भंडार से रुपये की स्थिरता बनी रहती है और आयात तथा बाहरी कर्ज भुगतान में आसानी होती है। आरबीआई के अधिकारी इसे अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत मानते हैं।



हालांकि वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और मुद्रास्फीति के दबाव जारी हैं, विशेषज्ञों का कहना है कि भंडार को और मजबूत करना आवश्यक है। आने वाले हफ्तों में आरबीआई की अगली रिपोर्ट पर नजर रहेगी, जो भारत की अर्थव्यवस्था के रुझानों को और स्पष्ट करेगी।

## केरल में क्रिसमस पर बिकी 332 करोड़ की शराब



**तिरुवनंतपुरम ।** केरल में क्रिसमस उत्सव के दौरान केरल स्टेट बेवरेजेज़ कॉरपोरेशन (केएसबीसी) की शराब बिक्री में जोरदार वृद्धि दर्ज की गई। अधिकारियों के अनुसार 22 से 25 दिसंबर के बीच केएसबीसी की दुकानों और गोदामों से कुल 332.62 करोड़ रुपये की बिक्री हुई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 229.54 करोड़ रुपये था। 22 दिसंबर को 77.62 करोड़, 23 दिसंबर को 81.34 करोड़, 24 दिसंबर को 114.45 करोड़ और 25 दिसंबर को 59.21 करोड़ रुपये की बिक्री हुई। 24 दिसंबर को सबसे अधिक बिक्री हुई। केएसबीसी का त्योहारी मौसम 22 से 31 दिसंबर तक माना जाता है। अधिकारियों ने बताया कि नए साल (30 और 31 दिसंबर) के जश्न के दौरान शराब की बिक्री और बढ़ने की संभावना है।




## कोफोर्ज 2.35 अरब डॉलर में करेगी एनकोरा का अधिग्रहण

**मुंबई ।** भारतीय आईटी कंपनी कोफोर्ज यूएस-बेस्ड डिजिटल इंजीनियरिंग फर्म एनकोरा को 2.35 अरब डॉलर में खरीदेगी। यह अधिग्रहण शेयर स्वैप के जरिए` किया जाएगा, जिसमें एनकोरा के शेयरहोल्डर्स कोफोर्ज की पोस्ट-इश्यू इक्विटी का लगभग 21.25 फीसदी हिस्सा प्राप्त करेंगे। कोफोर्ज 9.38 करोड़ नए शेयर 1,815.91 रुपये प्रति शेयर जारी करेगा, जिससे नॉन-कैश कंसीडरेशन लगभग 17,032 करोड़ रुपये होगा। सौदे का 1.89 अरब हिस्सा इक्विटी के माध्यम से फंड किया जाएगा, जबकि शेष राशि ब्रिज लोन या क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट से जुटाई जाएगी। एनकोरा क्लाउड-नेटिव एप्लिकेशन, डेटा इंजीनियरिंग, प्लेटफॉर्म मॉडर्नाइजेशन और एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट जैसी सेवाओं में माहिर है। कंपनी की मजबूत नॉर्थ अमेरिका प्रेजेंस है और इसका मालिकाना हक एडवेंट इंटरनेशनल के पास है।

## एसआईपी निवेश 2025 में पहली बार 3 लाख करोड़ के पार

**मुंबई ।** साल 2025 में म्युचुअल फंड योजनाओं के तहत सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में निवेश ने पहली बार किसी` वित्तीय वर्ष में 3 लाख करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया। नवंबर 2025 तक निवेशकों ने एसआईपी के जरिए कुल 3.04 लाख करोड़ निवेश किए, जबकि साल 2024 में यह राशि 2.69 लाख करोड़ थी। साल 2025 में एक्टिव इक्विटी योजनाओं में एसआईपी निवेश 2.3 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा, जो पिछले साल से 3 फीसदी ज्यादा है। कुल एसआईपी निवेश में 80 फीसदी हिस्सा इक्विटी योजनाओं का था। एसआईपी का कुल निवेश में योगदान 37 फीसदी रहा, जो 2024 में 27 फीसदी था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर 2025 तक एसआईपी के प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां 16.53 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गईं, जो म्युचुअल फंड उद्योग के कुल एयूएम का 20 फीसदी से अधिक है।

## चालू वित्त वर्ष में ट्रैक्टर बिक्री 15-17 फीसदी बढ़ने का अनुमान



**मुंबई ।** एक रेटिंग एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष में ट्रैक्टर की थोक बिक्री में 15-17 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान जताया है। इससे पहले यह अनुमान 8-10 प्रतिशत था। नवंबर में थोक बिक्री में 30.1 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई, जबकि अप्रैल से नवंबर तक कुल वृद्धि 19.2 प्रतिशत रही। ट्रैक्टर पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे किसानों के लिए ट्रैक्टर खरीदना आसान हुआ है। अलग-अलग हॉर्सपावर वाले ट्रैक्टर में यह कटौती 40,000 से 1,00,000 रुपए तक की बचत का कारण बनी। पर्याप्त वर्षा और बेहतर फसल परिणामों ने किसानों की आय में सुधार किया है। इसके अलावा अगले साल अप्रैल से लागू होने वाले सख्त उत्सर्जन मानक के चलते लोग पुराने मानक वाले ट्रैक्टर की खरीद में तेजी दिखा सकते हैं। रे टिंग एजेंसी के अनुसार यह बढ़ोतरी नीतिगत समर्थन, अनुकूल कृषि परिणाम और जीएसटी कटौती के संयुक्त प्रभाव का नतीजा है और ट्रैक्टर उद्योग में तेजी और विस्तार के दौर को दर्शाती है।

## इंडिगो उड़ान संकट की जांच समिति ने डीजीसीए को रिपोर्ट सौंपी

**- रिपोर्ट के निष्कर्ष अभी सार्वजनिक नहीं किए गए**

**नई दिल्ली ।**



इंडिगो एयरलाइन की सैकड़ों उड़ानों के रद्द होने की घटना की जांच के लिए डीजीसीए ने चार-सदस्यीय समिति बनाई थी। समिति के अध्यक्ष संयुक्त महानिदेशक संजय के. ब्रम्हाणे थे। अन्य सदस्य थे उप महानिदेशक अमित गुप्ता और उड़ान संचालन निरीक्षक कैप्टन कपिल मांगलिक व कैप्टन रामपाल। समिति ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट डीजीसीए को सौंप दी। रिपोर्ट की प्रतियां नागर विमानन मंत्री और सचिव को भी भेजी गई हैं। रिपोर्ट के निष्कर्ष अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। इस महीने की शुरुआत में एक दिन में 1,600 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं और कई उड़ानें घंटों देरी से रवाना हुईं। मुख्य कारण था एयरलाइन द्वारा नए चालक दल तैनाती और विश्राम नियमों के पालन में समय पर तैयारी न करना। डीजीसीए ने इंडिगो को शीतकालीन उड़ानों में 10 फीसदी कटौती करने का निर्देश दिया। सीईओ पीटर एल्बर्स और सीओओ इसिड्रे पोर्केरास को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। नियमों के दूसरे चरण के पालन में कमी के कारण प्रतिदिन 170-200 उड़ानें रद्द हुईं।

# कमजोर धारणा के बीच शेयर बाजार ने दिखाए मिश्रित संकेत

**- बिकवाली के दबाव और घरेलू सकारात्मक संकेतों की कमी के चलते बाजार में रही कमजोरी**

**मुंबई ।**

बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार ने उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी सत्र का सामना किया। क्रिसमस (25 दिसंबर) के अवसर पर बाजार बंद रहने के कारण सप्ताह में केवल चार दिन का कारोबार हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव और घरेलू सकारात्मक संकेतों की कमी के चलते बाजार में कमजोरी देखने को मिली। कम ट्रेडिंग वॉल्यूम और अनिश्चित बाजार धारणा ने निवेशकों की सतर्कता बढ़ा दी। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को आशावादी रुख के साथ हुई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 482.7 अंक बढ़कर 85,412.06 पर पहुंच गया, वहीं एनएसई निफ्टी 160.2 अंक बढ़कर 26,126.60 पर कारोबार कर रहा था। दिन के अंत तक सेंसेक्स 638.12 अंक की बढ़त के साथ 85,567.48 पर बंद हुआ और निफ्टी 206 अंक बढ़कर 26,172.40 पर बंद हुआ। मंगलवार को बाजार में हल्की गिरावट और मुनाफावसूली देखने को मिली। सेंसेक्स 42.64 अंक की गिरावट के साथ 85,524.84 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 26,177.15 पर बंद हुआ। आईटी और फार्मा शेयरों में बिकवाली और मिले-जुले वैश्विक संकेत अस्थिरता के मुख्य कारण रहे। बुधवार को वैश्विक सकारात्मक रुझानों और घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी के बावजूद बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। सेंसेक्स 116.14 अंक गिरकर 85,408.70 और निफ्टी 35.05 अंक गिरकर 26,142.10 पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 183.42 अंक गिरकर 85,225.28 और निफ्टी 46.45 अंक गिरकर 26,095.65 पर पहुंच गया। अंत में सेंसेक्स 367.25 अंक की गिरावट के साथ 85,041.45 और निफ्टी 99.80 अंक गिरकर 26,042.30 पर बंद हुआ। जानकारों ने कहा कि बाजार विदेशी बिकवाली और घरेलू कमजोरी के दबाव में कमजोर रहा। शुरुआती आशावादी रुख के बावजूद, मध्य और अंत में निवेशकों ने सतर्कता दिखाई, जिससे बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहा।




# कैब से राइड बुक करने पर आपको मिलेगा अब ड्राइवर चुनने का ऑप्शन

**नई दिल्ली ।**

कैब से राइड बुक करने पर अब आपको ओला, उबर और रैपिडो जैसे एप में सेम जेंडर का ड्राइवर चुनने का ऑप्शन मिलेगा। नए नियमों का का मकसद पैसेंजर्स की सेफ्टी बढ़ाना है। ग्राहक अब ट्रिप पूरी होने के बाद ड्राइवर को टिप भी दे सकेंगे।

इस टिप की पूरी रकम ड्राइवर को ही मिलेगी। विशेषकर महिला पैसेंजर्स के लिए फीमेल ड्राइवर चुनने की सुविधा होगी। सरकार ने मोटर व्हीकल एग्रीगेटर्स गाइडलाइंस, 2025 में बदलाव किए हैं। राज्यों को इसे लागू करने के लिए कहा गया है। नोटिफिकेशन में अभी कोई स्पष्ट प्रभावी तारीख नहीं दी गई है, इसलिए यह जारी होने की तारीख से ही प्रभावी माना जाता है। जुलाई 2025 में जब मोटर व्हीकल एग्रीगेटर्स की मूल गाइडलाइंस जारी की गई थी तो राज्यों को इन्हें अपनाने के लिए 3 महीने का समय दिया गया था। संशोधन के लिए भी कुछ ऐसा ही हो सकता है, लेकिन अभी कोई फिक्स्ड टाइमलाइन नहीं बताई गई है। ये गाइडलाइंस केंद्र सरकार की हैं।

राज्य सरकारें इन संशोधनों को अपनी लाइसेंसिंग प्रक्रिया में शामिल करेंगी। एग्रीगेटर्स को अपना एप अपडेट करना होगा जैसे क्लॉज 15.6 के तहत समान लिंग के ड्राइवर चुनने का फीचर जोड़ना। कंपनियां लाइसेंस बनाए रखने या रिन्यू करने के लिए अनुपालन करेंगी। यदि नहीं किया, तो लाइसेंस सस्पेंड या कैंसल हो सकता है। व्यावहारिक रूप से, कंपनियों को ऐप में बदलाव करने में कुछ समय लग सकता है, लेकिन अनुपालन अनिवार्य है। सरकार के फैसले पर इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का कहना है कि इसे लागू करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। कैब एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म्स से जुड़े अधिकारी ने बताया, फिलहाल पूरे देश में कुल कैब ड्राइवरों में महिलाओं की हिस्सेदारी 5प्रतिशत से भी कम है। ऐसे में समान जेंडर ड्राइवर चुनने का ऑप्शन प्रैक्टिकल नहीं लगता। इससे ऑन-डिमांड सर्विस की प्रकृति प्रभावित होगी।

महिला ड्राइवरों की कमी की वजह से बुकिंग के दौरान वेटिंग टाइम काफी बढ़ सकता है, खासकर लेट नाइट में जब डिमांड ज्यादा होती है और ड्राइवर्स कम उपलब्ध होते हैं।

## इंडिगो उड़ान संकट की जांच समिति ने डीजीसीए को रिपोर्ट सौंपी

**- रिपोर्ट के निष्कर्ष अभी सार्वजनिक नहीं किए गए**

**नई दिल्ली ।**

इंडिगो एयरलाइन की सैकड़ों उड़ानों के रद्द होने की घटना की जांच के लिए डीजीसीए ने चार-सदस्यीय समिति बनाई थी। समिति के अध्यक्ष संयुक्त महानिदेशक संजय के. ब्रम्हाणे थे। अन्य सदस्य थे उप महानिदेशक अमित गुप्ता और उड़ान संचालन निरीक्षक कैप्टन कपिल मांगलिक व कैप्टन रामपाल। समिति ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट डीजीसीए को सौंप दी। रिपोर्ट की प्रतियां नागर विमानन मंत्री और सचिव को भी भेजी गई हैं। रिपोर्ट के निष्कर्ष अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। इस महीने की शुरुआत में एक दिन में 1,600 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं और कई उड़ानें घंटों देरी से रवाना हुईं। मुख्य कारण था एयरलाइन द्वारा नए चालक दल तैनाती और विश्राम नियमों के पालन में समय पर तैयारी न करना। डीजीसीए ने इंडिगो को शीतकालीन उड़ानों में 10 फीसदी कटौती करने का निर्देश दिया। सीईओ पीटर एल्बर्स और सीओओ इसिड्रे पोर्केरास को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। नियमों के दूसरे चरण के पालन में कमी के कारण प्रतिदिन 170-200 उड़ानें रद्द हुईं।




# अजय देवगन की 'दृश्यम 3' की हुई घोषणा



अजय देवगन की सुपरहिट सस्पेंस-थ्रिलर 'दृश्यम' के तीसरे पार्ट का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में मोहनलाल ने 'दृश्यम 3' के असली मलयालम वर्जन की शूटिंग शुरू की थी। अब अजय देवगन की 'दृश्यम 3' को लेकर भी जानकारी सामने आ गई है। मेकर्स ने आज अजय देवगन स्टारर 'दृश्यम 3' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए इस 1 मिनट 13 सेकंड के वीडियो में अजय देवगन का वॉइस ओवर है। इस वॉइस ओवर में अजय देवगन अपने परिवार की अहमियत के बारे में बताते हैं। साथ ही अब तक की स्टोरी की भी झलक देखने को मिलती है। इस वॉइस ओवर में विजय सलगांवकर का किरदार कहता है कि 'मेरा सच मेरा सही सिर्फ मेरी फैमिली है।' वॉइस ओवर में बताया गया है कि विजय सलगांवकर अपनी फैमिली के लिए अभी भी एक दीवार बनकर खड़ा हुआ है। इस वीडियो के अंत में विजय सलगांवकर कहता है कि 'कहानी अभी खत्म नहीं हुई है। आखिरी हिस्सा अभी बाकी है।'

### मोहनलाल की मलयालम फिल्म का रीमेक है 'दृश्यम'

'दृश्यम' मोहनलाल की इसी नाम से बनी मलयालम फिल्म का हिंदी रीमेक है। हिंदी में इस फिल्म की शुरुआत साल 2015 में हुई थी। 2015 में आई 'दृश्यम' बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। इसके सात साल बाद 2022 में फिल्म का दूसरा पार्ट 'दृश्यम 2' रिलीज हुआ। इस बार फिल्म में अक्षय खन्ना भी नजर आए। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की और सफल रही। अब 4 साल बाद मेकर्स फिल्म का तीसरा पार्ट लेकर आ रहे हैं। कुछ दिनों पहले मोहनलाल ने भी 'दृश्यम 3' की शूटिंग शुरू की है। खास बात ये है कि फिल्म की लोकप्रियता को देखते हुए इस बार मलयालम मेकर्स भी फिल्म को हिंदी में रिलीज करने जा रहे हैं। ऐसे में देखना ये होगा कि क्या अजय देवगन की 'दृश्यम 3' की कहानी वही होगी या फिर इसमें कोई बदलाव देखने को मिलेगा। क्या असली कहानी के हिंदी में रिलीज होने पर अजय देवगन की फिल्म की कमाई पर भी कोई असर पड़ेगा या नहीं।



# पर्सनल लाइफ के बारे में बहुत झूठी बातें फैलाई गईं

## नवाज से कभी कोई प्रॉब्लम नहीं थी

**जितनी खूबसूरत, उतनी ही प्रतिभावान। चित्रांगदा सिंह हिंदी सिनेमा में एक ऐसा नाम हैं, जिन्होंने पर्दे पर हर रंग के किरदार को जीने का काम किया है। इस साल भी वह पर्दे पर विविधरंगी किरदारों में नजर आईं। पहले वेब सीरीज खाकी- द बंगाल चैप्टर में एक नेता की गंभीर भूमिका, फिर हाउसफुल 5 जैसी मसाला एंटरटेनर में कॉमेडी का रंग। इस बीच वह मीनिंगफुल फिल्म परिक्रमा में दिखीं तो अब इंटेंस क्राइम थ्रिलर रात अकेली है - द बंसल मर्डर्स को लेकर चर्चा में हैं। आगे वह सलमान खान के साथ बैटल ऑफ गलवान में भी नजर आने वाली हैं।**

**इस साल आपने खाकी – द बंगाल चैप्टर, हाउसफुल 5, परिक्रमा और अब रात अकेली है 2 जैसी एक-दूसरे से अलग फिल्में और सीरीज कीं। यह विविधता सोची-समझी कोशिश रही?**

सोची समझी तो नहीं, क्योंकि आपके पास क्या काम आएगा, वह आपके हाथ में नहीं होता। मगर ये कोशिश तो होती है कि जो भी अच्छा काम आए, उसमें कुछ अलग कर सकें, अलग दिख सकें, खुद को एक लेवल ऊपर ले जा सकें। जैसे, मैंने अपनी जिंदगी में कभी कॉमेडी नहीं की थी तो हाउसफुल 5 के सेट पर मैं बहुत इंसिक्योर थी कि इतने बेहतरीन कॉमेडी करने वालों के बीच कैसे करूंगी। वो कॉमेडी भी एक अलग तरह की है, उस टोन को पकड़ना मुश्किल होता है, मगर मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि इतनी वैरायटी का काम मिला। अभी बैटल ऑफ गलवान भी है, वह भी परफॉर्मेंस ओरिएंटेड के बीच है, उसमें भी सब चीजें हैं तो बहुत भाग्यशाली हूं, वरना ऐसी कोई स्ट्रैटिजी नहीं है।

**रात अकेली है – द बंसल मर्डर्स में आपकी अहम भूमिका है। क्या कुछ खास है आपके किरदार में?**

यह फिल्म एक परिवार के बारे में है जो एक मीडिया हाउस का मालिक है। मेरा किरदार परिवार की बड़ी बेटी का है, जिस पर इस मीडिया हाउस को चलाने, सबको साथ रखने का दबाव है। फिर उनके घर में जो ट्रैजिडी होती है, उससे सब कुछ बहुत ही इंटेंस, बहुत रोमांचक हो जाता है। मेरा किरदार भी बहुत इंटेंस है, जिसे करने में मुझे बहुत मजा आया। खास बात यह है कि सारी चीजें एक-दो दिन के भीतर घट रही हैं। मुझे इस तरह की फिल्में बहुत पसंद है, जिसमें एक टाइमलाइन चलती रहती है। फिल्म में नवाज (नवाजुद्दीन सिद्दीकी) के साथ जो मेरे सीन है, वो बहुत खूबसूरती से लिखे गए हैं तो मुझे बहुत मजा आया इसे करने में। यह फिल्म मेरे लिए बहुत स्पेशल है।

**फिल्म में आपका मीडिया हाउस है। निजी तौर पर मीडिया को लेकर क्या अनुभव रहे हैं? खुद के बारे कोई अजीब या खराब बात क्या पढ़ी या देखी है?**

मीडिया वाले तो जो मर्जी होता है, लिख देते हैं। इसमें सबसे खराब चीज वो होती है, जो ब्लाइंड आर्टिकल लिखते हैं। वह सबसे खराब होता है, क्योंकि उसमें आप किसी को कुछ कह नहीं सकते। उनका जो मन करता है लिख देते हैं। मेरी पर्सनल लाइफ को लेकर बहुत सारी चीजें लिखी गई हैं और जब आप इंडस्ट्री में बहुत ज्यादा लोगों को नहीं जानते या आपका पीआर इतना मजबूत न हो तो यह सब लिखना और भी ज्यादा आसान हो जाता है। ऐसी बहुत सारी चीजें लिखी गई हैं, जो बहुत तकलीफदेह होती हैं, पर आप उसका कुछ नहीं कर सकते हैं।

**नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ आपका बाबूमोशाय बंदूकबाज के दौरान का एक खट्टा-मीठा अतीत भी रहा है। इस फिल्म के दौरान यह रिश्ता कैसे बदला?**



असल में तब काफी सारी चीजें गलत रिपोर्ट हुई थीं। नवाज के साथ कोई मसला नहीं था। उस फिल्म को लेकर कुछ और दिक्कतें थी, मगर जिस तरह से मीडिया ने सनसनीखेज तरीके से लिखा, गलतफहमी क्रिएट की, क्योंकि निश्चित तौर पर नवाज के नाम से बेहतर हेडलाइन मिलती तो उस तरह से लिखा गया, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं था।

उस समय भी मेरी आखिरी कॉल नवाज से ही थी। उन्होंने मुझे एयरपोर्ट पर कॉल किया था और मेरी आखिरी बातचीत उनके साथ ही थी। हमारा रिश्ता हमेशा बिल्कुल सामान्य था। इसलिए, इस फिल्म में हम काफी समय के बाद मिलकर बहुत खुश थे।



# 'रामायण' का हिस्सा बनना ड्रीम रोल जैसा

**सपनों की राह में कभी छोटे कदम से शुरुआत होती है तो कभी बड़े फैसलों से मंजिल मिलती है। काजल अग्रवाल ने भी अपने करियर की शुरुआत छोटे-छोटे किरदारों से की, बिना यह सोचे-समझे कि एक दिन वह लीड हीरोइन के रूप में चमकेंगी।**

20 वर्षों की मेहनत और समर्पण ने इंडस्ट्री में उनकी एक मजबूत पहचान बनाई है। आने वाले वक्त में वह नितेश तिवारी की फिल्म रामायण में मंदोदरी का चुनौतीपूर्ण किरदार निभाती नजर आएंगी, जिसे वह अपना ड्रीम रोल मानती हैं। साउथ और बॉलिवुड दोनों इंडस्ट्रीज की अलग-अलग संस्कृति और प्रोफेशनलिज्म को समझते हुए काजल ने महिलाओं की बढ़ती भूमिका और फिल्मों में आए सामाजिक बदलावों पर भी अपनी सोच को लेकर बातें की।

काजल ने कहा मैं नितेश तिवारी की रामायण का भी हिस्सा हूं। मैं शुक्रगुजार हूं कि मुझे इस तरह की फिल्म में काम करने का मौका दिया गया। डायरेक्टर नितेश तिवारी का नजरिया और फिल्म का स्केल सच में बहुत अलग है। रामायण की कहानी हम सब भारतीयों के दिल के बहुत करीब है। ऐसी कहानी का हिस्सा बनना मेरे लिए ड्रीम रोल की तरह है। मैं हमेशा से चाहती थी कि इस तरह की एपिक मूवी का हिस्सा बनूं। इसमें मेरा किरदार मंदोदरी का है। मैंने इसके लिए बहुत मेहनत की। काफी रिसर्च की, जिसमें पता चला कि वह पंचकन्याओं में से एक मानी जाती हैं। इनके नामों का जप करने से ही पापों को नष्ट करने की मान्यता है। कहानी में यह किरदार बहुत खूबसूरत है, जिसे मैंने पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास किया है।

### साउथ का प्रोफेशनलिज्म नेक्स्ट लेवल का

साउथ सिनेमा की फिल्मों में मैंने बहुत काम किया है। तेलुगू-तमिल भाषा की फिल्मों से मेरी शुरुआत हुई थी इसलिए यह मेरे दिल के बहुत करीब है। यहां के सिनेमा में काम करने के दौरान मुझे घर जैसा एन्वायरमेंट महसूस होता है। मैं हमेशा से वहां के दर्शकों की आभारी रहूंगी कि उन्होंने मुझे छोटी उम्र में अपनाया और प्यार दिया। मुझे इस मुकाम तक पहुंचाने में तमिल-तेलुगू सिनेमा का बहुत बड़ा हाथ है। ऐसा नहीं है कि उस वक्त मेरे पास बॉलिवुड के ऑफर नहीं आ रहे थे। मेरे पास डेट्स की कमी थी क्योंकि मेरी बैक टु बैक शूटिंग डेट्स लगी हुई थीं। हिंदी मेरी मातृ भाषा है। इसी की छांव में मैं पली-बढ़ी हूं। ऐसे में मेरे लिए साउथ और हिंदी सिनेमा में फर्क करना बहुत मुश्किल है। दोनों ने ही करियर और जिंदगी में आगे बढ़ने में मेरी बहुत मदद की है। हां, मैं यह कह सकती हूं कि साउथ सिनेमा बहुत कल्चरल, डिसिप्लिन्ड और ब्यूटीफुल है। उनका प्रोफेशनलिज्म नेक्स्ट लेवल का है। वहीं, बॉलिवुड ग्लोबली अपनी बहुत बड़ी पहचान रखता है। वहां स्वीकार्यता और नए-नए तरह के किरदारों के लिए बहुत स्कोप रहता है।

# अल्लू के हाथ लगी 1000 करोड़ी फिल्म



अल्लू अर्जुन इस वक्त एटली की बड़ी फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका बजट भी बहुत बड़ा है. 'पुष्पा 2' के बाद काफी सोच-समझकर उन्होंने ये प्रोजेक्ट चुना था. इस नई फिल्म में उनके साथ दीपिका पादुकोण काम कर रही हैं. अब इसी बीच अल्लू अर्जुन के हाथ एक और फिल्म लग गई है. जिसमें उन्होंने एक ऐसे डायरेक्टर के साथ हाथ मिलाया है, जिनके साथ लोग उन्हें लंबे वक्त से देखना चाहते थे. पर यह खबर 'पुष्पा 3' के फैन्स को बड़ा झटका दे सकती है. साल 2024 में बेशक अल्लू अर्जुन की एंट्री एकदम आखिरी महीने में हुई, पर वो साल उनके नाम से ही जाना जाता है. क्योंकि 'पुष्पा 2' के तूफान के आगे अच्छे-अच्छों की हवा टाइट हो गई. उस फिल्म के बाद जहां पुष्पा 3 की डिमांड तेज थी, तो अल्लू अर्जुन ने एटली का हाथ थामा. यह एक साइंस-फिक्शन एक्शन होगी, जिसका बजट भी 800 करोड़ रुपये से ज्यादा बताया गया है. वहीं, इसका टेंटेटिव टाइटल है, जिसमें अल्लू अर्जुन के साथ दीपिका पादुकोण भी दिखेंगी. यहां फिल्म का काम अभी चल ही रहा है, उधर अल्लू अर्जुन को एक और नई फिल्म मिल गई है. हाल ही में एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि अल्लू अर्जुन और त्रिविक्रम फिर साथ आ गए हैं. यह एक माइथोलॉजी एपिक होगी, जिसके साथ दोनों का यह चौथा कोलैबोरेशन होगा. इससे पहले 'अला वैकुंठपुरमुलू', 'जुलाई', 'एसओ सत्यमूर्ति' और दूसरी हिट फिल्मों में दिखे हैं. हालांकि, सबसे बड़ा अपडेट फिल्म को लेकर यह है कि इसे एक बड़े स्केल पर बनाया जाएगा. जिसका बजट ही 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा होगा. हालांकि, एटली की फिल्म के बाद उम्मीद है कि वो पुष्पा 3 पर काम करेंगे, पर क्या अब वो होना मुश्किल लग रहा है? अल्लू अर्जुन का इस वक्त पूरा फोकस ही एटली की फिल्म पर है. जिसे ग्रैंड लेवल पर बनाया जा रहा है. ऐसी भी खबर है कि इसके दो पार्ट आएंगे और अल्लू अर्जुन का फिल्म में डबल रोल होगा. लेकिन नई रिपोर्ट ने एक्टर के फैन्स को खुश कर दिया होगा. क्योंकि वो त्रिविक्रम के साथ दोबारा काम करने जा रहे हैं.



# जो कुछ भी हूं, थिएटर के कारण हूं

**नाटकों की पृष्ठभूमि रखने वाले विपुल अमृतलाल शाह को अपनी गुजराती फिल्म दरिया छोरू से तारीफें ही नहीं बल्कि कई अवॉर्ड्स भी मिले। बॉलीवुड में आंखें, नमस्ते लंदन और एक्शन रिप्ले जैसी मनोरंजक फिल्म बनाने वाले विपुल फिर मुद्दे वाली फिल्मों की ओर मुड़ गए। शेफाली शाह जैसी प्रतिभावान पत्नी के पति विपुल इन दिनों चर्चा में हैं, अपने नए वेंचर्स से, जहां वह म्यूजिक ही नहीं बल्कि डिजिटल क्षेत्र में भी कदम रख रहे हैं। उनसे एक बातचीत।**

रंगमंच को अपनी कला का आधार मानने वाले विपुल अमृतलाल शाह कहते हैं, आज मैं जो कुछ भी हूं, थिएटर के कारण ही हूं। यही मेरी जिंदगी की नींव भी रही है। मैंने कॉलेज से लेकर प्रोफेशनल लेवल पर नाटकों की दुनिया में लंबा समय बिताया। नाटकों से ही मैंने शो मस्ट गो ऑन का सबक सीखा। मुझे याद है, मेरा एक नाटक एक्शन रिप्ले का मंचन चल रहा था उन दिनों। यह नाटक मुंबई के चौहान ऑडिटोरियम में होने वाला था। यह वही नाटक है, जिस पर बाद में मैंने एक्शन रिप्ले नामक फिल्म भी बनाई थी। नाटक के रिहर्सल के दौरान मुझ पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, जब खबर आई कि गुरुवार को मेरे पिता चल बसे। वह कच्छ में थे। मैं उनकी अंत्येष्टि के लिए कच्छ गया और फिर मुझे शनिवार को वापिस मुंबई आना पड़ा, क्योंकि यहां टिकट बिक चुके थे और मुझे एक कलाकार के रूप में शो मस्ट गो ऑन करना था। शो हाउसफुल था और उसे कैंसिल नहीं किया जा सकता था। विडंबना ये थी कि वो कॉमिक नाटक था और मेरे पिता दुनिया से विदा ले चुके थे। उस वक्त मैं कम उम्र भी था, तो पिता के जाने का घाव भी गहरा था। मैं अंदर से रो रहा था, मगर मंच पर लोगों को हंसा रहा था।

### जो आरोप लगाते हैं, मुझे झूठा साबित करें

द केरल स्टोरी और बस्तर – द नक्सल स्टोरी के बाद विपुल पर एजेंडा फिल्में बनाने वाले फिल्मकार का आरोप लगा। इस पर वह सफाई देते हुए कहते हैं, ये कौन लोग हैं? जो मुझ पर इस तरह का इल्जाम लगाते हैं? अगर आपके पास मेरी फिल्म को खारिज करने के सबूत हैं, तो ले आइए। मैं तो आज भी ओपन डिबेट के लिए तैयार हूं। मेरे पास फिल्म को लेकर सारे फैक्ट्स हैं। जो लोग मुझ पर आरोप लगाते हैं, वे मुझे झूठा साबित नहीं कर पाएंगे। मैंने जब केरला स्टोरी की कहानी सुनी, तो मुझे लगा कि अगर मैंने इस विषय पर फिल्म नहीं बनाई, तो मैं खुद को माफ नहीं कर पाऊंगा। जब मैंने इसके तमाम फैक्ट्स चेक किए, तो में इस फिल्म को बनाने के लिए कटिबद्ध हो गया। यह फिल्म मेरे लिए मिशन की तरह हो गई। और आपने देख ही होगा कि रिलीज के बाद फिल्म को दर्शकों का कितना कमाल का रिस्पांस मिला।

### छह-सात साल तक शेफाली मां के रोल ठुकराती रही

सभी जानते हैं कि जानी-मानी एक्ट्रेस शेफाली शाह उनकी पत्नी हैं। शेफाली के बारे में विपुल कहते हैं, हमारे रिश्ते की सबसे बुनियाद है, भरोसा और आजादी। उन्हें अपने फैसले लेने की पूरी स्वतंत्रता है, चाहे मैं उससे सहमत होऊं या न होऊं। वही हक वो मुझे देती है। अपने जीवनसाथी को अपना करीब दोस्त बनाएं, तो उससे काफी आसानी हो जाती है, जो मैं और शेफाली हैं। जहां तक उनकी एक्टिंग की बात है, तो वह वर्ल्ड क्लास एक्ट्रेस हैं। द दिल्ली क्राइम में उन्हें एमी अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन मिला। नेशनल और फिल्मफेयर अवॉर्ड तो वो जीत ही चुकी हैं। आप उनका कोई भी काम देखें, डार्लिंग्स, थ्री ऑफ अस या 15 साल पुराना सत्या या वक्त, उन्होंने हर जगह आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस दी है।

### वेब सीरीज, माइक्रो ड्रामा, डॉक्यूमेंट्री फिल्में भी बनाना चाहते हैं विपुल

अपने नए प्रोजेक्ट्स के बारे में विपुल कहते हैं, काफी वक्त से मैं सोच रहा था कि मुझे म्यूजिक लेबल बनाना है। हमें लगा कि म्यूजिक के जरिए भारत के आम आदमी तक पहुंचा जा सकता है। हमने शुभारंभ से इसका आगाज भी कर दिया है। इसी के साथ हम डिजिटल कंटेंट जैसे वेब सीरीज, माइक्रो ड्रामा, डॉक्यूमेंट्री फिल्में भी बनाना चाहते हैं। इन कंटेंट के जरिए हम आम लोगों से जुड़ना चाहते हैं। इसी सोच के साथ हमने दो वर्टिकल बनाए हैं। लॉन्ग फॉरमेट सीरीज और कंटेंट के दौर में आज अगर लोग माइक्रो ड्रामा की ओर आकर्षित हुए हैं, तो उसका सबसे बड़ा कारण ये है कि आज लोगों के पास वक्त की कमी है। दूसरी बात कोई भी किसी भी समय खाली नहीं बैठना चाहता, न ही उसके पास सब्र है। आज का जो यंगस्टर्स है, वो खाना खाते-खाते भी कुछ कॉन्टेंट देखना चाहता है। ऐसे में वह 40-50 मिनट का एपिसोड तो नहीं देख पाएगा, मगर 2-3 मिनट का एपिसोड जरूर देख सकता है, तो लॉन्ग फॉरमेट कॉन्टेंट के साथ-साथ माइक्रो ड्रामा की भी डिमांड है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in